आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* कामदा एकादशी व्रत

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 38 अंक 241 | इंदौर, रविवार 29 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 11 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा, 1 अप्रैल से बैन

**नई दिल्ली।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकता है। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं।

### स्पेन में पिता से कानूनी लड़ाई के बाद इच्छामृत्यु मिली

**नई दिल्ली।** स्पेन में 25 साल की नोएलिया कास्तिलो ने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इच्छामृत्यु के जरिए गुरुवार को अपना जीवन खत्म कर लिया। नोएलिया को इच्छामृत्यु के लिए अपने पिता से भी कानूनी लड़ाई लड़ना पड़ी क्योंकि वे इसके विरोध में थे। बार्सिलोना की रहने वाली नोएलिया का 2022 में एक फैसिलिटी सेंटर में 3 युवकों ने रेप किया था। इसके बाद नोएलिया ने आत्महत्या की कोशिश की और पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। हालांकि वह इस घटना में बच गईं, लेकिन उन्हें रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी, जिसके कारण वह कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गईं। इसके बाद से वह लगातार शारीरिक दर्द और मानसिक तनाव से जूझ रही थीं। नोएलिया ने 2024 में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन किया था, जिसे कैटेलोनिया सरकार ने मंजूरी भी दे दी थी।

### शत्रुघ्न सिन्हा बोले- सोनाक्षी अपने पति जहीर के साथ खुश



कहा- मियां-बीवी राजी तो क्या करेगा काजी; चट्टान की तरह उनके साथ खड़ा हूं

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बेटी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल के रिश्ते का समर्थन किया है। उन्होंने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि सोनाक्षी और जहीर एक-दूसरे के लिए ही बने हैं। शत्रुघ्न ने इस शादी को पूरी तरह सही बताया और कहा कि उनके लिए परिवार की खुशी सबसे बढ़कर है। शत्रुघ्न ने कहा, हम बहुत खुश हैं। सोनाक्षी की जो शादी हुई है, उसे देखकर लगता है मानो दोनों एक-दूसरे के लिए ही बने हैं। उन्होंने साफ किया कि सोनाक्षी और जहीर दोनों ही एडल्ट और समझदार हैं और वे अपने फैसले खुद ले सकते हैं। शत्रुघ्न ने आगे कहा, अगर बच्चे खुश हैं, तो मियां-बीवी राजी तो क्या करेगा काजी। हमें उनका साथ देना चाहिए। मैं पूरे दिल से और एक चट्टान की तरह उनके साथ खड़ा हूं। सोनाक्षी और जहीर की लव स्टोरी करीब 10 साल पुरानी है। दोनों की पहली मुलाकात साल 2016 में सलमान खान की एक पार्टी में हुई थी। यहीं से उनकी दोस्ती शुरू हुई, जो समय के साथ और मजबूत होती गई। साल 2017 से दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। साल 2022 में दोनों का रिश्ता तब और चर्चा में आया, जब उन्होंने फिल्म 'डबल एक्सएल' में साथ काम किया। पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। करीब 7 साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद साल 2024 में उन्होंने शादी करने का फैसला किया। सोनाक्षी अक्सर सोशल मीडिया पर जहीर के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। बता दें कि सोनाक्षी और जहीर ने साल 2024 में 'स्पेशल मैरिज एक्ट' के तहत शादी की थी।

### कौशांबी में पिकअप ट्रेलर में घुसी, 8 की मौत

**कौशांबी।** कौशांबी में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 29 लोग घायल हैं। सभी प्रयागराज से मुंडन कराकर अपने घर फतेहपुर जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि घायल पिकअप से उछलकर सड़क पर जा गिरे। काफी देर तक जमीन पर पड़े तड़पते रहे। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को फोन किया, साथ ही खुद भी घायलों को संभाला। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया है। 27 घायलों का इलाज जिला अस्पताल और उत्थ्ड़ में चल रहा है। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे नेशनल हाईवे पर डोरमा के पास हुआ।

### श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच, 7 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर शुक्रवार दोपहर 4 बजे एवलांच आया। जोजिला पास के जीरो प्वाइंट के पास इस हादसे में 12 से ज्यादा वाहन 6 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। हादसे में 7 लोगों की मौके पर मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। 5 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क से मलबा और बर्फ हटाने का काम जारी है। राजस्थान में 27 मार्च से 30 मार्च तक आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। कुल 8 जिलों में मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने प्रदेश में किसानों को सलाह दी है कि अगर कटी हुई फसलें या पकी फसलें जो खेतों या खुले स्थानों पर हैं। उनको सुरक्षित जगह पहुंचाया जाए।

### काशी मॉडल सीखने जाएंगे एमपी के अफसर, एआई-ड्रोन से संभालेंगे महाकुंभ की भीड़

# मध्य प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में लागू होगा उत्तर-प्रदेश मॉडल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों पर बढ़ती भीड़ के बेहतर प्रबंधन और आधुनिक तकनीक के उपयोग को लेकर अब उत्तर प्रदेश के मॉडल से सीख लेगी। इसी क्रम में मप्र के वरिष्ठ अधिकारी वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम में अपनाई गई अत्याधुनिक क्राउड मैनेजमेंट प्रणाली का अध्ययन करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 मार्च को वाराणसी में आयोजित निवेश सम्मेलन में शामिल होंगे।

इस दौरान वे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का दौरा कर भीड़ प्रबंधन, कॉरिडोर डिजाइन और संचालन व्यवस्था का जायजा लेंगे तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे। प्रदेश के अधिकारियों को ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कैमरों और जियोस्पेशियल तकनीकों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इन नवाचारों का उपयोग वर्ष 2028 में प्रस्तावित उज्जैन महाकुंभ में करने की योजना है। उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारी आधुनिक भीड़ प्रबंधन पर प्रेजेंटेशन भी देंगे, जिसका उपयोग आगे चलकर उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख धार्मिक परिसरों में किया जाएगा।

#### एमओयू के जरिए सहयोग बढ़ाने की तैयारी



मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी), पर्यटन और पारंपरिक कला की साझा ब्रांडिंग को लेकर एक समझौता (एमओयू) किया जाएगा। निवेश सत्र में मप्र में निवेश की संभावनाओं, जीआई टैग और ओडीओपी के तहत किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश अपने सफल ओडीओपी उत्पादों जैसे बनारसी सिल्क, लखनऊ की चिकनकारी, आगरा-कानपुर के लेदर उद्योग और भदोही के हस्तनिर्मित कालीन के जरिए ब्रांड निर्माण की रणनीति प्रस्तुत करेगा।

मुख्यमंत्री 31 मार्च को वाराणसी में आयोजित निवेश सम्मेलन में शामिल होंगे

#### गंगा-नर्मदा क्राफ्ट कॉरिडोर और धार्मिक सर्किट पर फोकस

बैठक में गंगा-नर्मदा क्राफ्ट कॉरिडोर विकसित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा काशी-उज्जैन-चित्रकूट को जोड़ते हुए धार्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने की योजना पर भी विचार किया जाएगा, जिससे दोनों राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

#### भोपाल में जुटेंगे एमपी-छत्तीसगढ़, राजस्थान के 55 युवा विधायक

आगामी सोमवार और मंगलवार यानी 30 और 31 मार्च को भोपाल में युवा विधायक सम्मेलन होने जा रहा है। राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के जोन-6 के तत्वावधान में मध्य प्रदेश विधानसभा में 'युवा विधायक सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय महाकुंभ में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के कुल 55 युवा विधायक एक मंच पर जुटेंगे। 30 मार्च को कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही तीनों राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर (मध्य प्रदेश), वासुदेव देवनानी (राजस्थान) और डॉ. रमन सिंह (छत्तीसगढ़) युवा विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे।



#### तकनीक आधारित भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर

महाकाल विस्तार के बाद उज्जैन में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या 50 हजार से 1 लाख तक पहुंच गई है, जबकि काशी विश्वनाथ धाम में यह संख्या लगभग तीन गुना तक रहती है। काशी में ड्रोन, एआई आधारित कैमरे और जियोस्पेशियल तकनीक के माध्यम से भीड़ का कुशल प्रबंधन किया जा रहा है। अधिकारियों के बीच इस बात पर भी चर्चा होगी कि भारी भीड़ के आवागमन को कैसे सुव्यवस्थित किया जाता है, कॉरिडोर का डिजाइन किस तरह बनाया गया है और श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा प्रयाग महाकुंभ में अपनाई गई बेस्ट प्रैक्टिसेज जैसे श्रद्धालुओं को जोड़ने वाले मोबाइल एप, एआई आधारित निगरानी, और आधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट पर भी विस्तार से विचार किया जाएगा।

### इजराइल की ईरान पर 50 फाइटर जेट से एयरस्ट्राइक

## एटमी ठिकानों को निशाना बनाया; ईरान ने सऊदी पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/तेहरान

ईरान-इजराइल जंग के 28 दिन बाद अब हूती विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया।

सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी।

इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागीं। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति से फोन पर बात की



मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशिकयान से फोन पर 1 घंटे बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बातचीत में दोनों नेताओं ने शांति बहाल करने के उपायों पर चर्चा की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद में जल्द तुर्किये, मिस्र, सऊदी अरब और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की बैठक होने वाली है। इस दौरान रीजन में बढ़ते तनाव को कम करने और कूटनीतिक समाधान तलाशने पर जोर दिया जाएगा। शहबाज शरीफ ने बातचीत के दौरान इजराइल की तरफ से ईरान पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की और तेहरान के साथ एकजुटता दोहराई। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान सरकार शांति स्थापित करने के लिए लगातार कूटनीतिक प्रयास कर रही है।

#### इराक के मजनून ऑयलफील्ड पर एक ड्रोन गिरा

इराक के दक्षिणी हिस्से में स्थित मजनून ऑयलफील्ड में एक ड्रोन गिर गया, लेकिन वह फटा नहीं, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। इराक के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और न ही किसी तरह का नुकसान हुआ। मजनून ऑयलफील्ड देश के सबसे अहम तेल क्षेत्रों में से एक है। इजरइली सेना ने लेबनान के दक्षिणी हिस्से के लोगों को अपना घर छोड़ने का आदेश दिया है। सेना के प्रवक्ता अविचय अद्राई ने कहा कि 7 गांवों के लोग तुरंत वहां से निकलकर जहरानी नदी के उत्तर की ओर चले जाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को मियामी में एक बिजनेस समिट के दौरान कही।

### कौशांबी में हाईवे पर ट्राले और डीजल टैंकर में हुई टक्कर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में पेट्रोल पंपों पर तीन दिन बाद शनिवार को भीड़ कम है। कहीं-कहीं लाइनें दिख रही हैं। कौशांबी में शनिवार सुबह हाईवे पर डीजल टैंकर और डीसीएम की टक्कर हो गई। टैंकर से डीजल सड़क पर फैल गया। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से लोग पहुंच गए और बाल्टियों में डीजल भरकर ले जाने लगे। इसी तरह की घटना कानपुर में भी सामने आई। यहां शुक्रवार शाम हाईवे पर पेट्रोल टैंकर खराब हो गया। उसी दौरान पीछे से आ रही एक गाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर से पेट्रोल रिसने लगा। यह देखते ही लोग ड्रम और बाल्टियों के साथ पेट्रोल भरने में जुट गए। चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को खदेड़ा। सरकार के मुताबिक, पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह के चलते तीन दिनों में पूर्वी यूपी के कई जिलों में पेट्रोल और डीजल की बिक्री बढ़ गई थी। इसके चलते पंपों पर लंबी लाइनें लगने लगी थीं।

## मोदी ने देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट का उद्घाटन किया

एजेंसी ▶▶ नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा।

पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा- कल सभी राज्यों के सीएम से चर्चा हुई। देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है। एयरपोर्ट के पहले फेज का काम पूरा हो गया है। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए गए हैं। यह टर्मिनल हर साल लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा।

**पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से दुनिया के सामने संकट खड़ा हुआ-**
पश्चिम एशिया में युद्ध चल रहा है। इसके चलते कई देशों में संकट पैदा हो गया है। भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस युद्ध-प्रभावित क्षेत्रों से मंगाता है। इसलिए सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे सामान्य परिवारों और किसानों पर बोझ न पड़े। 140 करोड़ देशवासी इस मुसीबत का एकजुट होकर सामना करें।
नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। जब यहां सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया। तब पुराने मुख्यमंत्री (अखिलेश) इतने डरे हुए थे कि वे कार्यक्रम में आए ही नहीं। मुझे भी डराने की कोशिश की गई, कहा गया- नोएडा मत जाइए। अभी-अभी प्रधानमंत्री बने हैं।

### इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल, दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

## वाइब्रेशन के बाद एक इंजन बंद हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशाखापट्टनम से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 579 की शनिवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 160 यात्री सवार थे। फ्लाइट 6ई 579 में लैंडिंग से ठीक पहले एक तकनीकी खराबी सामने आई। सावधानी बरतते हुए और तय नियमों के मुताबिक पायलटों ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से पहले लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली के आईजीआई पर उतारा गया। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई। विमान की जांच और जरूरी मेंटेनेंस किया जा रहा है। जनवरी 2025 से देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के कुल 754 विमानों की तकनीकी जांच की गई। इनमें से 377 विमानों में बार-बार आने वाली खराबियों की पहचान हुई। यानी एक ही खराबी बार-बार सामने आई, भले ही उसे पहले ठीक कर दिया गया था।




एअर इंडिया ग्रुप के 267 विमानों में से 191 (72%) में बार-बार तकनीकी खराबी पाई गई। इसके बाद इंडिगो का नंबर था। इसके 405 विमानों की जांच की गई। उनमें से 148 में इस साल 3 फरवरी तक रिपीटेटिव डिफेक्ट (एक ही खराबी बार-बार) पाई गई।

लोकसभा में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि डीजीसीए ने पिछले साल सुरक्षा को लेकर बड़े पैमाने पर जांच की। इस दौरान 3890 सर्विलांस इंस्पेक्शन, 56 ऑडिट, 492 रैंप चेक और 84 विदेशी विमानों की जांच की गई।

### पाकिस्तान-बांग्लादेश बॉर्डर पर एंटी ड्रोन-सेंसर से निगरानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर और गलवान झड़प के बाद सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी है। पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर एंटी-ड्रोन, सेंसर और लेजर की मदद से निगरानी शुरू की गई है। वहीं, लद्दाख में चीन सीमा पर 29 नए आउटपोस्ट बनाए गए हैं। साथ ही भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की पेट्रोलिंग 3 गुना बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय की ऐन्यूअल रिपोर्ट 2024-25 के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान सीमा पर जम्मू क्षेत्र और भारत-बांग्लादेश सीमा पर असम के धुबरी में 5-5 किमी इलाके में कंप्रीहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम के दो पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं।

### राममंदिर से 800 मीटर दूर हादसा

## अयोध्या में यज्ञ स्थल में लगी आग

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के यज्ञ स्थल में शनिवार दोपहर 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। एक एकड़ में फैला यज्ञ स्थल कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त यज्ञशाला खाली थी।

करीब डेढ़ घंटे पहले ही मंत्री का 9 दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ पूर्ण हुआ था। उस वक्त करीब 50 हजार से अधिक लोग मौजूद थे। यज्ञ स्थल, राम मंदिर से 800 मीटर दूर है। बताया जा रहा है कि यज्ञ के पूर्ण होने के बाद एक नारियल फूटने से चिंगारी निकली, जिससे कपड़े से बने पंडाल में आग लग गई।



### पहले जूते पहनाए, फिर पीठ पर उठाकर अस्पताल पहुंचाया

## बर्फ में फंसा केरल का ट्रैकर, किया रेस्क्यू

एजेंसी ▶▶ पटना

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मनाली में केरल का एक ट्रैकर बर्फ में फंस गया। मनाली के व्यासकुंड में बर्फ में फंसे ट्रैकर को पुलिस ने बीती शाम (शुक्रवार) को सुरक्षित रेस्क्यू किया। युवक की पहचान केरल के मलप्पुरम निवासी 20 वर्षीय अर्शद नरिक्कट्टू मेचेरी के रूप में हुई है, जो अकेले ट्रैकिंग पर निकला था।

सूचना के अनुसार, ट्रैकिंग के दौरान अर्शद के जूते बर्फ में गीले हो गए, जिससे वह आगे नहीं बढ़ पाया



और बर्फ में फंस गया। अत्यधिक ठंड के कारण ट्रैकर की हालत निरंतर बिगड़ती गई। इसके बाद ट्रैकर ने 112 हेल्पलाइन पर पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलते ही अटल टनल रोहतांग की सुरक्षा में तैनात सब-इंस्पेक्टर राज कुमार अपनी टीम के साथ व्यासकुंड रवाना हुए।

#### बिना गाइड और प्रशासन को सूचित किए ट्रेकिंग पर न जाएं

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि ट्रैकर को सुरक्षित बचा लिया गया है। उन्होंने पर्यटकों से अपील की है कि वे बिना गाइड और प्रशासन को सूचित किए ट्रैकिंग पर न जाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मनाली क्षेत्र के ट्रैकिंग रूटों पर भारी बर्फ जमी हुई है, जिससे ट्रैकिंग करना जोखिम भरा हो सकता है बता दें कि कुल्लू,मंडी, शिमला, लाहौल स्पीति, चंबा और किन्नौर के कई ट्रेकिंग रूटों पर कई बार बाहरी राज्यों के ट्रैकर बिना प्रशासन को सूचित किए बगैर ट्रैकिंग पर निकल जाते हैं और कई बार रास्ता भटक जाते हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## समस्या निदान पहले, कागज बाद में चले...




जिला प्रशासन के कप्तान की खाद्य शाखा के लिए एकदम से उपजी परेशानी से निपटने में शाखा के मंत्री ने जमकर मशक्कत की । नारी शक्ति ने अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित किया तो कप्तान भी दंग रह गए। कप्तान के निर्देशन में जो कहा वो कर धरातल पर कर दिखाया। पेट्रोल पेनिक के पहले दिन से ही मैदान में पूरी तैयारी के साथ खाद्य शाखा की टीम को लेकर प्लाटून कमांडर ने जमकर जलवा दिखाया। भीड को नियंत्रण करने के लिए पंपों पर पालिसी भी खेली गई और अफवाह से निपटने के लिए मिडिया से संपर्क,समन्वय एवं सहयोग भी पर्याप्त रूप से किया। नारी शक्ति ने थ्री सी का भरपूर उपयोग किया। पंप मालिकों के साथ ही डिपो एवं कंपनियों के सेल्स मैनेजर तक से सीधे संवाद किया और सभी प्रकार से शहर के पंपों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। पंप मालिकों ने समस्या बताई तो वाजिब पर ध्यान दिया और कहा कि तत्काल ही पंप चालू कर वाहन चालकों को ईंधन दें। जमीनी स्तर पर उतरकर अपनी टीम के साथ रात भर काम किया और आपूर्ति होने तक रिजर्व स्टाक से भी काम चलवाया गया। इससे हुआ यह कि समस्या बढ नहीं सकी और पंपों पर पहुंचने वालों को लाईन में लगकर ही सही एक दिन ईंधन लेना पडा । उपलब्धता की स्थिति बनी देख पेट्रोल पेनिक के गुब्बारे से हवा फूस हो गई। जमीनी स्तर पर समस्या निदान के चलते कार्यालयीन कागज काम देर से हुए और समस्या निदान के लिए कप्तान के निदेर्शानुसार बनाए गए कंट्रोल रूम की जानकारी सार्वजनिक होने से पहले ही समस्या का निदान हो गया। खुसूर-फुसूर है कि पेट्रोल पेनिक के दो दिनों के दौरान प्रशासनिक कप्तान एवं वर्दी वाले कप्तान की टीमों में बेहतर तालमेल देखने को मिला। प्रशासनिक टीम समस्या निदान के प्रयासों को सार्थक रूप देने में लगी थी तो वर्दी वाले कप्तान की टीम ने भीड नियंत्रण में उद्घोषणा एवं अन्य कामों को अंजाम देकर समस्या को काबू से बाहर नहीं होने दिया। इसका सूखद परिणाम दो दिन में ही समस्या निदान के रूप में सामने आया।

## क्लोज्ड केम्पस में भूखंड प्राप्त करने का अवसर

**उज्जैन।** उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा क्षिप्रा विहार योजना में क्लोज्ड केम्पस परिसर में भूखंडो को प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है ।उक्त योजना में 60 वर्गमीटर के 20 भूखंडों को विक्रय करने हेतु दिनांक 6.3.2026 जारी की गई थी । उक्त योजना में आनलाईन पंजीयन की अंतिम दिनांक 23.3.2026, आनलाईन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 25.3.2026 तथा वित्तीय निविदा खोलने की अंतिम दिनांक 30.3.2026 रखी गई थी । उक्त तिथियों में संशोधन करते आनलाईन पंजीयन की अंतिम दिनांक 30.3.2026, आनलाईन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 2.4.2026 तथा वित्तीय निविदा खोलने की अंतिम दिनांक 6.4.2026 की गई है। उक्त योजना में हितग्राही आनलाईन पद्धति से दी गई तारीखों अनुसार वेबसाईट पर अपना आवेदन जमा कर सकते है।

## ट्रैंडिंग




डीजीपी कैलाश मकवाना ने खौफ टेक्स से संबंधित सभी मामले में दिया आदेश

# गैंगेस्टर लारेंस के गुर्गे हेरी बाक्सर गैंग पर प्रदेश की एसटीएफ कसेगी शिकंजा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर/भोपाल/उज्जैन

गैंगेस्टर लारेंस विश्नोई के गुर्गे हेरी बाक्सर गैंग प्रदेश में बराबर अपनी सक्रियता बढाने में लगा है। पिछले दो माह के दौरान इस गैंग ने आधा दर्जन से अधिक व्यवसायियों को खौफ टेक्स की धमकी आधुनिक तरीके से देते हुए करोडों रूपए की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में विभिन्न जिलों में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन सभी मामलों के लिए प्रदेश पुलिस मुखिया डीजीपी कैलाश मकवाना ने एसटीएफ का गठन किया है। अब एसटीएफ हेरी बाक्सर गैंग पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

पिछले दो माह में गैंगेस्टर लारेंस विश्नोई से जुडे हेरी बाक्सर ने प्रदेश के अशोक नगर , इंदौर, खरगोन, भोपाल में खौफ टेक्स को लेकर व्यापारियों को धमकी दी है। मोबाईल पर आधुनिक काल के माध्यम से धमकी और उसके बाद पत्र भी कुछ मामलों में दिए हैं। स्थानीय पुलिस ने इन मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है,लेकिन सभी अपराध अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह से सम्बंधित होने के कारण इनकी जांच के लिए विशेष दल अपेक्षित था। ऐसे में प्रदेश के डीजीपी ने मामलों की गंभीरता को देखते हुए इसमें आदेश जारी कर अपराधों एवं शिकायतों की विवेचना /जांच हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एस.टी.एफ.), म.प्र. के पर्यवेक्षण में एक विशेष अनुसंधान दल (Special Investigation Team) का गठन किया है।



### ये मामले हुए दर्ज

पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरण (01) जिला अशोकनगर थाना कोतवाली का अपराध क्रमांक 101/2026, धारा 308(1), 308(2), 351(2) बी.एन.एस., (02) जिला इंदौर (देहात) थाना किशनगंज का अपराध क्रमांक 112/2026, धारा 308(5), 351 (4) बी.एन.एस., (03) इंदौर (शहर) थाना तुकोगंज का अपराध क्रमांक 155/2026, धारा 308 (5), 351 (4) बी.एन.एस., (04) जिला खरगोन थाना कसरावद का अपराध क्रमांक 94/2026, धारा 308(4), 351(3) बी.एन.एस., (05) भोपाल (शहर) थाना कोलार रोड का अपराध क्रमांक 183/2026, धारा 351 (4) बी.एन.एस. एवं (06) इंदौर (शहर) थाना क्राइम ब्रांच का अपराध क्रमांक 22/2026, धारा 308 (5), 351 (4) बी.एन.एस.

### लोढा रहेंगे प्रभारी

डीजीपी कैलाश मकवाना ने अपने आदेश में कहा है कि मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के थानों में. अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह से सम्बंधित होने से उपरोक्त अपराधों एवं शिकायतों की विवेचना/जांच हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एस.टी.एफ.), म.प्र. के पर्यवेक्षण में एक विशेष अनुसंधान दल (रस्त्रीं' क्ल्ल५१२३ॅ३ड्डल्ल ळीं) का निम्नानुसार गठन किया जाता है। एसआईटी में राहुल कुमार लोढ़ा, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक (रेल), भोपाल - (प्रभारी एस.आई.टी.),राजेश सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. भोपाल,नवीन कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. इंदौर, वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक, ए.टी.एस., मुख्यालय, भोपाल, सुधीर कनोजिया, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (रेडियो) मुख्यालय, भोपाल, सूर्यकांत अवस्थी, उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय, भोपाल, दिव्या सिंह राजावत, उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय, भोपाल,महेन्द्र सिंह चौहान, कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय, भोपाल,योगिता साटनकर, कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय, भोपाल को शामिल किया गया है।

### ये भी सामान्य निर्देश दिए

डीजीपी श्री मकवाना ने अपने आदेश में सामान्य निर्देश देते हुए कहा कि एस.आई.टी. तत्काल प्रभाव से उपरोक्त सभी अपराधों की केस डायरी जिलों से प्राप्त कर अग्रिम विवेचना प्रारंभ करेगी। एस.आई.टी. एस.टी.एफ. (मुख्यालय), भोपाल पर रहकर विवेचना संपादित करेगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एस.टी.एफ.) आवश्यकतानुसार म.प्र. पुलिस के अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को इस एस.आई.टी. में नामांकित कर सकेंगे।

## महाराजा महाविद्यालय में 'योग एवं स्वास्थ्य' कार्यशाला का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाराजा महाविद्यालय के परिसर में आज 'योग एवं स्वास्थ्य' विषय पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जीवन में योग के महत्व को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।योग विशेषज्ञ श्री संजय चौकसे ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली और तनावपूर्ण शैक्षणिक वातावरण में योग किस प्रकार एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने BMI (Body Mass Index) और मानसिक स्वास्थ्य के अंतसंबंधों पर भी चर्चा की।योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान (Meditation) का अभ्यास कराया। विशेष रूप से 'भ्रामरी प्राणायाम' के लाभों के बारे में बताया गया जो स्मृति शक्ति बढ़ाने में सहायक है।

संस्था प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने घोषणा की कि महाविद्यालय में अब नियमित रूप से 'योग सत्र' आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थी शैक्षणिक दबाव का सामना बेहतर ढंग से कर सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम का मुख्य संदेश योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह स्वयं के माध्यम से स्वयं की यात्रा है।"

इस अवसर पर संस्था के कार्यकारी निदेशक डॉ. चित्रांगद उपाध्याय, संस्था के प्रशासनिक निदेशक श्री नरेंद्र कुमार लड्ढा, डॉ.सुरेखा जैन, डॉ अनुराधा सूपेकर, डॉ. मिताली बजाज, डॉ सुनील मंडेरिया सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# चरक की लिफ्ट बंद होने का वायरस प्रशासनिक भवन को लगा

### विक्रमादित्य प्रशासनिक भवन की 5 में से 2 लिफ्ट बंद, अस्पताल में मरीज एवं परिजन, प्रशासनिक भवन में कर्मचारी एवं आवेदन परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिला अस्पताल बनाम मातृ-शिशु चरक भवन की लिफ्ट बंद होने की समस्या अब जिला मुख्यालय पर मात्र स्वास्थ्य विभाग में ही नहीं है । इस मर्ज का वायरस विक्रमादित्य प्रशासनिक भवन तक पहुंच गया है। नए बने भवन में हाल की स्थिति में 5 में से 2 लिफ्ट बंद पडी है। चरक भवन में 7 लिफ्ट में से कुछ के बंद होने पर मरीज एवं उनके परिजन परेशान होते हैं। प्रशासनिक भवन की लिफ्ट बंद होने से आवेदक एवं कर्मचारी परेशान हैं।

विक्रमादित्य प्रशासनिक भवन नया नकौर ही है। अभी इसे शुरू हुए 4 साल के करीब ही हुआ है। सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन में अभी से अन्यानेक समस्या जन्म लेती जा रही है। लिफ्ट के मर्ज से पूर्व भवन में ही तिरार आने और फ्लोरिंग धंसने की स्थिति भी सामने आ चुकी है। इसी भवन में संभागीय कार्यालय भी होने से यहां संभाग के 7 जिलों से संबंधित प्रशासनिक कार्य को लेकर लोगों का आना जाना रहता है। इस भवन को 27.16 करोड में लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने निर्मित किया था। तत्कालीन कलेक्टर एवं वर्तमान संभागायुक्त आशीषसिंह के कार्यकाल में इसका निर्माण हुआ था और 29 मई 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका लोकार्पण किया था।

### 04 लिफ्ट 13 पेसेंजर एवं एक 28 क्षमता की

विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन में चार स्टेयर केस है। पांच लिफ्ट है। चार लिफ्ट 13 पैसेंजर एवं एक 28 पैसेंजर की लगी हुई है। प्रशासनिक संकुल भवन के भूतल पर 4125 वर्गमीटर में वाहनों हेतु पार्किंग, प्रथम तल पर 3925 वर्गमीटर में एसडीएम, तहसील कार्यालय एवं द्वितीय तल पर 3925 वर्गमीटर में कलेक्टर कार्यालय तथा तृतीय तल पर 1970 वर्गमीटर में संभागायुक्त कार्यालय का निर्माण किया गया । सम्पूर्ण भवन में फायर फाईटिंग सिस्टम लगाया गया है। भूतल पर लगभग 500 दो पहिया वाहन एवं 40 चार पहिया वाहन खड़े किये जाने की पार्किंग क्षमता है। प्रथम तल पर 49 कक्ष हैं। द्वितीय तल पर कुल 44 कक्ष हैं। तृतीय तल पर कुल 25 कक्ष हैं। भवन में प्रवेश के चार द्वार है। भवन को प्रकाश एवं वेंटिलेशन की आवश्यकता अनुसार ओपन कोर्टयार्ड पेटर्न में रखा गया है।

### आवेदक - कर्मचारी को परेशानी

इस भवन के तृतीय तल पर संभागायुक्त कार्यालय है। द्वितीय तल पर कलेक्टोरेट कार्यालय एवं शाखा कार्यालय संचालित होता है। इसके अलावा इस भवन में भूतल पर लोक सेवा गारंटी कार्यालय योजना सांख्यिकी कार्यालय एवं पेंशन, तीन अपर कलेक्टर, तीन डिप्टी कलेक्टर, भारत निर्वाचन, जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय, भू-अभिलेख कार्यालय, जिला अन्त्यावसायी कार्यालय, लोक सेवा, एनआईसी एवं मीटिंग हॉल है।

### समय पर लिफ्ट फूल

खास यह है कि प्रशासनिक संकुल में कर्मचारियों के निर्धारित समय पर लिफ्ट फूल चलती है। ऐसे में 2 लिफ्ट के बंद होने से कर्मचारियों एवं आवेदकों के लिए समस्या बन जाती है।

वैदिक घड़ी के पीछे बस्ती में आधा मिट्टी में दबा हुआ था,मोरों ने घायल किया

## सर्प मित्र को घायल कामन कोबरा मिला, उपचार कर छोडा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जंतर मंतर के पीछे बस्ती में कामन कोबरा सांप मिट्टी के ढेर में दबा हुआ था। उसके पिछले हिस्से को मोरों ने चोंटिल कर दिया था। शनिवार दोपहर में इसकी सूचना सर्प मित्र को मिलने पर घायल सर्प का रेस्क्यू किया गया और पशु चिकित्सक से उपचार के उपरांत उसे नौलखी बीड में छोडा गया है।



सर्प मित्र दिलीप शेर के अनुसार बस्ती से रमेश माली ने उन्हें सूचना देते हुए सर्प की जानकारी दी थी। स्थल पर जाकर देखने पर सर्प का अगला भाग मिट्टी में दबा हुआ था और पिछला भाग बाहर था। सूचनाकर्ता माली ने उन्हें बताया कि पिछले 2-3 दिन से सर्प इसी स्थिति में है और मोरों ने उसे घायल कर दिया है। मिट्टी में दबे सर्प का रेस्क्यू किया गया। उसका उपचार करवाने के उपरांत उसे नौलखी बिड में छोडा गया है। सर्प के उपरी भाग में ही चोंट थी।

पशु चिकित्सक अरविंद मैथनिया ने बताया कि उनके पास सर्प मित्र दिलीप शेर आए थे और कामन कोबरा 6 फीट लंबा लेकर आए थे। सर्प नर था और उसका वजन 1190 ग्राम था। घायल सर्प के जख्मों को हाईड्रोजन पैराआक्साईड से साफ करने के बाद बिटाडीन स्प्रे से साफ किए गए। एंटीसेप्टिक ड्रेसिंग की गई। सर्प पूरी तरह से एक्टिव था जिसे जंगल में छोडा जा सकता था। घाव उपरी होने से जल्दी ही भर जाएंगे।

## उज्जैन रेलवे स्टेशन का उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्यों ने किया निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैनः रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा एवं एम सी जाखड़ ने आज उज्जैन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

इस दौरान स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, प्रतिक्षालय, टिकट काउंटर एवं शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण किया गया साथ ही यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना।

आपने कहा कि यात्रियों की समस्याओं को रेल प्रशासन तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

# उज्जैन में 'नलखेड़ा पैटर्न' पर बना मां बगलामुखी धाम

### आस्था के साथ आर्किटेक्चर भी बना आकर्षण, शेरमुखी द्वार, दीपमालिका और मूल स्वरूप जैसी प्रतिमा—स्थानीय धार्मिक पर्यटन को मिल सकता है नया आयाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में एक नया आध्यात्मिक केंद्र उभरकर सामने आया है। बड़नगर रोड स्थित दंडी सेवा आश्रम के सामने नवनिर्मित मां बगलामुखी धाम मंदिर न केवल आस्था का केंद्र बन रहा है, बल्कि अपनी संरचना और डिजाइन के कारण भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

यह मंदिर नलखेड़ा बगलामुखी मंदिर की तर्ज पर विकसित किया गया है, जो प्रदेश में मां बगलामुखी की प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना जाता है।

### धार्मिक अनुष्ठान के बाद आमजन के लिए खुला मंदिर

हाल ही में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, शिखर स्थापना और कलश स्थापना जैसे प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। इसके बाद बगलामुखी धाम मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।







### संत की साधना और संकल्प का परिणाम

नवनिर्मित श्री पीतांबरा बगलामुखी धाम आश्रम के परम भगवती साधक तपोनिधि संत स्वामी विजयानंदपुरी महाराज के अनुसार वे वर्ष 1986 से मां भगवती की साधना में हैं।

2010 से संकल्प लेकर 2022 तक 108 पंचकुंडी एवं नवकुंडी यज्ञ सम्पन्न किए।

उनका दावा है कि यह मंदिर देवी की प्रेरणा से निर्मित हुआ है और उज्जैन से उनके आध्यात्मिक जुड़ाव ने इस संकल्प को साकार किया। उज्जैन में बना यह नया मां बगलामुखी मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि धार्मिक वास्तुकला के पुनरुत्पादन का एक उदाहरण भी है।

### मुख्य प्रवेश द्वार शेर के मुख के आकार में तैयार किया

मुख्य प्रवेश द्वार शेर के मुख के आकार में तैयार किया गया है मंदिर परिसर में दीपमालिका का निर्माण

गर्भगृह में स्थापित माता जी की प्रतिमा भी बगलामुखी माता जी के स्वरूप में विराजित है।

यहां सभी तत्व नलखेड़ा मंदिर के मूल स्वरूप से प्रेरित हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि निर्माण में धार्मिक प्रतीकों की पुनर्रचना पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को वही आध्यात्मिक अनुभव मिल सके।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## समस्या निदान पहले, कागज बाद में चले...




जिला प्रशासन के कप्तान की खाद्य शाखा के लिए एकदम से उपजी परेशानी से निपटने में शाखा के मंत्री ने जमकर मशक्कत की । नारी शक्ति ने अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित किया तो कप्तान भी दंग रह गए। कप्तान के निर्देशन में जो कहा वो कर धरातल पर कर दिखाया। पेट्रोल पेनिक के पहले दिन से ही मैदान में पूरी तैयारी के साथ खाद्य शाखा की टीम को लेकर प्लाटून कमांडर ने जमकर जलवा दिखाया। भीड को नियंत्रण करने के लिए पंपों पर पालिसी भी खेली गई और अफवाह से निपटने के लिए मिडिया से संपर्क,समन्वय एवं सहयोग भी पर्याप्त रूप से किया। नारी शक्ति ने थ्री सी का भरपूर उपयोग किया। पंप मालिकों के साथ ही डिपो एवं कंपनियों के सेल्स मैनेजर तक से सीधे संवाद किया और सभी प्रकार से शहर के पंपों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। पंप मालिकों ने समस्या बताई तो वाजिब पर ध्यान दिया और कहा कि तत्काल ही पंप चालू कर वाहन चालकों को ईंधन दें। जमीनी स्तर पर उतरकर अपनी टीम के साथ रात भर काम किया और आपूर्ति होने तक रिजर्व स्टाक से भी काम चलवाया गया। इससे हुआ यह कि समस्या बढ नहीं सकी और पंपों पर पहुंचने वालों को लाईन में लगकर ही सही एक दिन ईंधन लेना पडा । उपलब्धता की स्थिति बनी देख पेट्रोल पेनिक के गुब्बारे से हवा फूस हो गई। जमीनी स्तर पर समस्या निदान के चलते कार्यालयीन कागज काम देर से हुए और समस्या निदान के लिए कप्तान के निदेर्शानुसार बनाए गए कंट्रोल रूम की जानकारी सार्वजनिक होने से पहले ही समस्या का निदान हो गया। खुसूर-फुसूर है कि पेट्रोल पेनिक के दो दिनों के दौरान प्रशासनिक कप्तान एवं वर्दी वाले कप्तान की टीमों में बेहतर तालमेल देखने को मिला। प्रशासनिक टीम समस्या निदान के प्रयासों को सार्थक रूप देने में लगी थी तो वर्दी वाले कप्तान की टीम ने भीड नियंत्रण में उद्घोषणा एवं अन्य कामों को अंजाम देकर समस्या को काबू से बाहर नहीं होने दिया। इसका सूखद परिणाम दो दिन में ही समस्या निदान के रूप में सामने आया।

## क्लोज्ड केम्पस में भूखंड प्राप्त करने का अवसर

**उज्जैन।** उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा क्षिप्रा विहार योजना में क्लोज्ड केम्पस परिसर में भूखंडो को प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है । उक्त योजना में 60 वर्गमीटर के 20 भूखंडों को विक्रय करने हेतु दिनांक 6.3.2026 जारी की गई थी । उक्त योजना में आनलाईन पंजीयन की अंतिम दिनांक 23.3.2026, आनलाईन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 25.3.2026 तथा वित्तीय निविदा खोलने की अंतिम दिनांक 30.3.2026 रखी गई थी । उक्त तिथियों में संशोधन करते आनलाईन पंजीयन की अंतिम दिनांक 30.3.2026, आनलाईन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 2.4.2026 तथा वित्तीय निविदा खोलने की अंतिम दिनांक 6.4. 2026 की गई है। उक्त योजना में हितग्राही आनलाईन पद्धति से दी गई तारीखों अनुसार वेबसाईट पर अपना आवेदन जमा कर सकते है।

## ट्रैंडिंग




### डीजीपी कैलाश मकवाना ने खौफ टेक्स से संबंधित सभी मामले में दिया आदेश

# गैंगेस्टर लारेंस के गुर्गे हेरी बाक्सर गैंग पर प्रदेश की एसटीएफ कसेगी शिकंजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/भोपाल/उज्जैन

गैंगेस्टर लारेंस विश्नोई के गुर्गे हेरी बाक्सर गैंग प्रदेश में बराबर अपनी सक्रियता बढाने में लगा है। पिछले दो माह के दौरान इस गैंग ने आधा दर्जन से अधिक व्यवसायियों को खौफ टेक्स की धमकी आधुनिक तरीके से देते हुए करोडों रूपए की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में विभिन्न जिलों में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन सभी मामलों के लिए प्रदेश पुलिस मुखिया डीजीपी कैलाश मकवाना ने एसटीएफ का गठन किया है। अब एसटीएफ हेरी बाक्सर गैंग पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

पिछले दो माह में गैंगेस्टर लारेंस विश्नोई से जुडे हेरी बाक्सर ने प्रदेश के अशोक नगर , इंदौर, खरगोन, भोपाल में खौफ टेक्स को लेकर व्यापारियों को धमकी दी है। मोबाईल पर आधुनिक काल के माध्यम से धमकी और उसके बाद पत्र भी कुछ मामलों में दिए हैं। स्थानीय पुलिस ने इन मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है,लेकिन सभी अपराध अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह से सम्बंधित होने के कारण इनकी जांच के लिए विशेष दल अपेक्षित था। ऐसे में प्रदेश के डीजीपी ने मामलों की गंभीरता को देखते हुए इसमें आदेश जारी कर अपराधों एवं शिकायतों की विवेचना /जांच हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एस.टी.एफ.), म.प्र. के पर्यवेक्षण में एक विशेष अनुसंधान दल (Special Investigation Team) का गठन किया है।



### ये मामले हुए दर्ज

पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरण (01) जिला अशोकनगर थाना कोतवाली का अपराध क्रमांक 101/2026, धारा 308(1), 308(2), 351(2) बी.एन.एस., (02) जिला इंदौर (देहात) थाना किशनगंज का अपराध क्रमांक 112/2026, धारा 308(5), 351 (4) बी.एन.एस., (03) इंदौर (शहर) थाना तुकोगंज का अपराध क्रमांक 155/2026, धारा 308 (5), 351 (4) बी.एन.एस., (04) जिला खरगोन थाना कसरावद का अपराध क्रमांक 94/2026, धारा 308(4), 351(3) बी.एन.एस., (05) भोपाल (शहर) थाना कोलार रोड का अपराध क्रमांक 183/2026, धारा 351 (4) बी.एन.एस. एवं (06) इंदौर (शहर) थाना क्राइम ब्रांच का अपराध क्रमांक 22/2026, धारा 308 (5), 351 (4) बी.एन.एस.

### लोढा रहेंगे प्रभारी

डीजीपी कैलाश मकवाना ने अपने आदेश में कहा है कि मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के थानों में. अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह से सम्बंधित होने से उपरोक्त अपराधों एवं शिकायतों की विवेचना/जांच हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एस.टी.एफ.), म.प्र. के पर्यवेक्षण में एक विशेष अनुसंधान दल (रस्त्रीं' क्लप्ी२३३ज्ञल्ल ळीं) का निम्नानुसार गठन किया जाता है। एसआईटी में राहुल कुमार लोढ़ा, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक (रेल), भोपाल - (प्रभारी एस. आई.टी.),राजेश सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. भोपाल,नवीन कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. इंदौर, वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक, ए.टी.एस., मुख्यालय, भोपाल, सुधीर कनोजिया, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (रेडियो) मुख्यालय, भोपाल, सूर्यकांत अवस्थी, उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय, भोपाल, दिव्या सिंह राजावत, उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय, भोपाल,महेन्द्र सिंह चौहान, कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय, भोपाल,योगिता साटनकर, कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय, भोपाल को शामिल किया गया है।

### ये भी सामान्य निर्देश दिए

डीजीपी श्री मकवाना ने अपने आदेश में सामान्य निर्देश देते हुए कहा कि एस. आई.टी. तत्काल प्रभाव से उपरोक्त सभी अपराधों की केस डायरी जिलों से प्राप्त कर अग्रिम विवेचना प्रारंभ करेगी। एस.आई. टी. एस.टी.एफ. (मुख्यालय), भोपाल पर रहकर विवेचना संपादित करेगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एस.टी.एफ.) आवश्यकतानुसार म.प्र. पुलिस के अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को इस एस.आई. टी. में नामांकित कर सकेंगे।

## महाराजा महाविद्यालय में 'योग एवं स्वास्थ्य' कार्यशाला का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाराजा महाविद्यालय के परिसर में आज 'योग एवं स्वास्थ्य' विषय पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जीवन में योग के महत्व को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।योग विशेषज्ञ श्री संजय चौकसे ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली और तनावपूर्ण शैक्षणिक वातावरण में योग किस प्रकार एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने BMI (Body Mass Index) और मानसिक स्वास्थ्य के अंतसंबंधों पर भी चर्चा की।योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान (Meditation) का अभ्यास कराया। विशेष रूप से 'भ्रामरी प्राणायाम' के लाभों के बारे में बताया गया जो स्मृति शक्ति बढ़ाने में सहायक है।

संस्था प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने घोषणा की कि महाविद्यालय में अब नियमित रूप से 'योग सत्र' आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थी शैक्षणिक दबाव का सामना बेहतर ढंग से कर सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम का मुख्य संदेश योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह स्वयं के माध्यम से स्वयं की यात्रा है।"

इस अवसर पर संस्था के कार्यकारी निदेशक डॉ. चित्रांगद उपाध्याय, संस्था के प्रशासनिक निदेशक श्री नरेंद्र कुमार लड्ढा, डॉ.सुरेखा जैन, डॉ अनुराधा सूपेकर, डॉ. मिताली बजाज, डॉ सुनील मंडेरिया सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# चरक की लिफ्ट बंद होने का वायरस प्रशासनिक भवन को लगा

### विक्रमादित्य प्रशासनिक भवन की 5 में से 2 लिफ्ट बंद, अस्पताल में मरीज एवं परिजन, प्रशासनिक भवन में कर्मचारी एवं आवेदन परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला अस्पताल बनाम मातृ-शिशु चरक भवन की लिफ्ट बंद होने की समस्या अब जिला मुख्यालय पर मात्र स्वास्थ्य विभाग में ही नहीं है । इस मर्ज का वायरस विक्रमादित्य प्रशासनिक भवन तक पहुंच गया है। नए बने भवन में हाल की स्थिति में 5 में से 2 लिफ्ट बंद पडी है। चरक भवन में 7 लिफ्ट में से कुछ के बंद होने पर मरीज एवं उनके परिजन परेशान होते हैं। प्रशासनिक भवन की लिफ्ट बंद होने से आवेदक एवं कर्मचारी परेशान हैं।

विक्रमादित्य प्रशासनिक भवन नया नकौर ही है। अभी इसे शुरू हुए 4 साल के करीब ही हुआ है। सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन में अभी से अन्यानेक समस्या जन्म लेती जा रही है। लिफ्ट के मर्ज से पूर्व भवन में ही तिरार आने और फ्लोरिंग धंसने की स्थिति भी सामने आ चुकी है। इसी भवन में संभागीय कार्यालय भी होने से यहां संभाग के 7 जिलों से संबंधित प्रशासनिक कार्य को लेकर लोगों का आना जाना रहता है। इस भवन को 27.16 करोड में लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने निर्मित किया था। तत्कालीन कलेक्टर एवं वर्तमान संभागायुक्त आशीषसिंह के कार्यकाल में इसका निर्माण हुआ था और 29 मई 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका लोकार्पण किया था।

### 04 लिफ्ट 13 पेसेंजर एवं एक 28 क्षमता की

विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन में चार स्टेयर केस है। पांच लिफ्ट है। चार लिफ्ट 13 पैसेंजर एवं एक 28 पैसेंजर की लगी हुई है। प्रशासनिक संकुल भवन के भूतल पर 4125 वर्गमीटर में वाहनों हेतु पार्किंग, प्रथम तल पर 3925 वर्गमीटर में एसडीएम, तहसील कार्यालय एवं द्वितीय तल पर 3925 वर्गमीटर में कलेक्टर कार्यालय तथा तृतीय तल पर 1970 वर्गमीटर में संभागायुक्त कार्यालय का निर्माण किया गया । सम्पूर्ण भवन में फायर फाईटिंग सिस्टम लगाया गया है। भूतल पर लगभग 500 दो पहिया वाहन एवं 40 चार पहिया वाहन खड़े किये जाने की पार्किंग क्षमता है। प्रथम तल पर 49 कक्ष हैं। द्वितीय तल पर कुल 44 कक्ष हैं। तृतीय तल पर कुल 25 कक्ष हैं। भवन में प्रवेश के चार द्वार है। भवन को प्रकाश एवं वेंटिलेशन की आवश्यकता अनुसार ओपन कोर्टयार्ड पेटर्न में रखा गया है।

### आवेदक - कर्मचारी को परेशानी

इस भवन के तृतीय तल पर संभागायुक्त कार्यालय है। द्वितीय तल पर कलेक्टोरेट कार्यालय एवं शाखा कार्यालय संचालित होता है। इसके अलावा इस भवन में भूतल पर लोक सेवा गारंटी कार्यालय योजना सांख्यिकी कार्यालय एवं पेंशन, तीन अपर कलेक्टर, तीन डिप्टी कलेक्टर, भारत निर्वाचन, जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय, भू-अभिलेख कार्यालय, जिला अन्त्यावसायी कार्यालय, लोक सेवा, एनआईसी एवं मीटिंग हॉल है।

### समय पर लिफ्ट फूल

खास यह है कि प्रशासनिक संकुल में कर्मचारियों के निर्धारित समय पर लिफ्ट फूल चलती है। ऐसे में 2 लिफ्ट के बंद होने से कर्मचारियों एवं आवेदकों के लिए समस्या बन जाती है।

### वैदिक घड़ी के पीछे बस्ती में आधा मिट्टी में दबा हुआ था,मोरों ने घायल किया

## सर्प मित्र को घायल कामन कोबरा मिला, उपचार कर छोडा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जंतर मंतर के पीछे बस्ती में कामन कोबरा सांप मिट्टी के ढेर में दबा हुआ था। उसके पिछले हिस्से को मोरों ने चोंटिल कर दिया था। शनिवार दोपहर में इसकी सूचना सर्प मित्र को मिलने पर घायल सर्प का रेस्क्यू किया गया और पशु चिकित्सक से उपचार के उपरांत उसे नौलखी बीड में छोडा गया है।

सर्प मित्र दिलीप शेर के अनुसार बस्ती से रमेश माली ने उन्हें सूचना देते हुए सर्प की जानकारी दी थी। स्थल पर जाकर देखने पर सर्प का अगला भाग मिट्टी में दबा हुआ था और पिछला भाग बाहर था। सूचनाकर्ता माली ने उन्हें बताया कि पिछले 2-3 दिन से सर्प इसी स्थिति में है और मोरों ने उसे घायल कर दिया है। मिट्टी में दबे सर्प का रेस्क्यू किया गया। उसका उपचार करवाने के उपरांत उसे नौलखी बिड में छोडा गया है। सर्प के उपरी भाग में ही चोंट थी।

पशु चिकित्सक अरविंद मैथनिया ने बताया कि उनके पास सर्प मित्र दिलीप शेर आए थे और कामन कोबरा 6 फीट लंबा लेकर आए थे। सर्प नर था और उसका वजन 1190 ग्राम था। घायल सर्प के जख्मों को हाईड्रोजन पैराआक्साईड से साफ करने के बाद बिटाडीन स्प्रे से साफ किए गए। एंटीसेप्टिक ड्रेसिंग की गई। सर्प पूरी तरह से एक्टिव था जिसे जंगल में छोडा जा सकता था। घाव उपरी होने से जल्दी ही भर जाएंगे।

## उज्जैन रेलवे स्टेशन का उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्यों ने किया निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैनः रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा एवं एम सी जाखड़ ने आज उज्जैन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

इस दौरान स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, प्रतिक्षालय, टिकट काउंटर एवं शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण किया गया साथ ही यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना।

आपने कहा कि यात्रियों की समस्याओं को रेल प्रशासन तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

# उज्जैन में 'नलखेड़ा पैटर्न' पर बना मां बगलामुखी धाम

### आस्था के साथ आर्किटेक्कर भी बना आकर्षण, शेरमुखी द्वार, दीपमालिका और मूल स्वरूप जैसी प्रतिमा—स्थानीय धार्मिक पर्यटन को मिल सकता है नया आयाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में एक नया आध्यात्मिक केंद्र उभरकर सामने आया है। बड़नगर रोड स्थित दंडी सेवा आश्रम के सामने नवनिर्मित मां बगलामुखी धाम मंदिर न केवल आस्था का केंद्र बन रहा है, बल्कि अपनी संरचना और डिजाइन के कारण भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

यह मंदिर नलखेड़ा बगलामुखी मंदिर की तर्ज पर विकसित किया गया है, जो प्रदेश में मां बगलामुखी की प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना जाता है।

### धार्मिक अनुष्ठान के बाद आमजन के लिए खुला मंदिर

हाल ही में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, शिखर स्थापना और कलश स्थापना जैसे प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। इसके बाद बगलामुखी धाम मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।





### संत की साधना और संकल्प का परिणाम

नवनिर्मित श्री पीतांबरा बगलामुखी धाम आश्रम के परम भगवती साधक तपोनिधि संत स्वामी विजयानंदपुरी महाराज के अनुसार वे वर्ष 1986 से मां भगवती की साधना में हैं।

2010 से संकल्प लेकर 2022 तक 108 पंचकुंडी एवं नवकुंडी यज्ञ सम्पन्न किए।

उनका दावा है कि यह मंदिर देवी की प्रेरणा से निर्मित हुआ है और उज्जैन से उनके आध्यात्मिक जुड़ाव ने इस संकल्प को साकार किया। उज्जैन में बना यह नया मां बगलामुखी मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि धार्मिक वास्तुकला के पुनरुत्पादन का एक उदाहरण भी है।

### मुख्य प्रवेश द्वार शेर के मुख के आकार में तैयार किया

मुख्य प्रवेश द्वार शेर के मुख के आकार में तैयार किया गया है मंदिर परिसर में दीपमालिका का निर्माण

गर्भगृह में स्थापित माता जी की प्रतिमा भी बगलामुखी माता जी के स्वरूप में विराजित है।

यहां सभी तत्व नलखेड़ा मंदिर के मूल स्वरूप से प्रेरित हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि निर्माण में धार्मिक प्रतीकों की पुनर्रचना पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को वही आध्यात्मिक अनुभव मिल सके।

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार
# दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### जया किशोरी ने किए उज्जैन महाकालेश्वर के दर्शन

**उज्जैन।** प्रसिद्ध कथा वाचक जया किशोरी आज उज्जैन पहुँची और उन्होंने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। वे नंदी हॉल में दर्शन के दौरान दोनों हाथ जोड़कर भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सत्कार किया गया। जया किशोरी ने नंदी हॉल में भगवान महाकाल का ध्यान लगाते हुए उनके पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने नंदी जी के कान में अपनी मनोकामना भी व्यक्त की। इस दौरान उनकी भक्ति और श्रद्धा साफ झलक रही थी। मीडिया से बातचीत करते हुए जया किशोरी ने कहा, ₹हरे कृष्णा, जय श्री महाकाल। मेरा सौभाग्य है कि मैं उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए आई हूँ।

### सांवेर-गवला मार्ग में पुल का निर्माण किया जायेगा

**इंदौर।** वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसान कल्याण वर्ष में किसानों के लिए किसान मेला आयोजित होगा जिसमें देश-प्रदेश के वैज्ञानिक आकर उन्नत खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण देंगे। उन्नत खेती से किसान समृद्धशाली और आर्थिक रूप से सक्षम होगा और अपनी फसल को उचित मूल्य पर बेच पाएगा। किसानों को उसकी फसल का उचित दाम मिले इसके लिए सरकार हर जिले में किसान मेला लगायेगी और छोटे-बडे. सभी किसानों को अच्छी फसल के लिए प्रशिक्षण देगी। किसानों को बिजली, पानी, सड़क सुविधा भी दी जाएगी। सांवेर-गवला मार्ग पर 5 करोड़ की लागत से पुल भी बनाया जाएगा।

### इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों के उम्मीदवार होंगे भर्ती

**इंदौर।** अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2027 के अंतर्गत भारतीय सेना में योग्य युवाओं के चयन हेतु इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया का दायित्व सेना भर्ती कार्यालय महू को सौंपा गया है। वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# इंदौर कांग्रेस में महिलाओं की अनदेखी पर भाजपा का वार

## भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को लिखा पत्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को पत्र लिखते हुए शहर कांग्रेस कार्यकारिणी में महिलाओं की उपेक्षा का विषय राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है। मिश्रा ने यह पत्र ट्विटर पर सार्वजनिक करते हुए कहा कि कांग्रेस की इंदौर इकाई में 20 से अधिक महिला नेताओं की अनदेखी की गई है।



पत्र में मिश्रा ने देवी अहिल्या का उदाहरण देते हुए लिखा कि इंदौर की कई सक्षम महिला नेता कांग्रेस का नेतृत्व कर सकती हैं, लेकिन उन्हें पदाधिकारी बनने का अवसर नहीं दिया गया। मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष का पद वर्तमान में एक ही व्यक्ति के पास है, जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है।



मिश्रा ने प्रियंका गांधी के लड़की हूं, लड़ सकती हूं नारे का हवाला देते हुए लिखा कि पार्टी में महिला शक्ति को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने महिला नेताओं को कार्यकारिणी से बाहर कर दिया है, जो कांग्रेस के महिला सशक्तिकरण के दावे पर सवाल खड़ा करता है।कांग्रेस नेतृत्व से मांग

सुमित मिश्रा ने अपने पत्र में आग्रह किया है कि प्रियंका गांधी कांग्रेस में महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करें और प्रदेश अध्यक्ष को निर्देश दें कि वे शहर अध्यक्ष या नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष में से किसी एक पद पर महिला नेता की नियुक्ति करें। मिश्रा ने सुझाव दिया कि यदि पार्टी चाहे तो पार्षद विनीतिका यादव को इन पदों में से किसी एक पर नियुक्त करके महिला उपेक्षा के आरोप से बचा जा सकता है। इस मुद्दे को उठाकर भाजपा ने कांग्रेस के महिला प्रतिनिधित्व के दावों पर सवाल खड़े किए हैं। पत्र के माध्यम से मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व पर दबाव बनाने का प्रयास किया है कि वे इंदौर में महिलाओं को संगठन में उचित स्थान दें।

### शनिवार तक चुकाना था कर्ज और अप्रैल में होगी गेहूं खरीदी

# सरकारी पेंच में फंसे मध्यप्रदेश के किसान...

## खरीदी में देरी के कारण किसान व्यापारियों को कम दाम पर बेचने को मजबूर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सरकारी फैसलों ने किसान को ऐसा फंसाकर रखा है कि वह चाहकर भी कुछ नहीं कर सकता है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में 1 अप्रैल से तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से की जाएगी।

वहीं, दूसरी ओर सहकारी समितियों के ऋण जमा करने की अंतिम तारीख 28 मार्च तय कर दी थी। किसान जब तक अपनी फसल बेचेगा तभी तो उसके पास पैसा आएगा। जबकि सरकार के दो अलग-अलग निर्णयों की समय सीमाओं के चलते क्षेत्र के किसान सरकारी फैसलों में फंसते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मप्र शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने 12 मार्च को आदेश जारी किया है। उसके अनुसार भोपाल जिले में रबी की फसल को 1 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।



हालांकि प्रदेश के अन्य संभागों में खरीदी प्रक्रिया पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। वहीं, दूसरी ओर सहकारी समितियों ने किसानों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 28 मार्च तक जमा नहीं करने पर शून्य प्रतिशत व्याज योजना का लाभ समाप्त हो जाएगा और बकाया राशि पर 10 प्रतिशत ब्याज देना होगा।

### ऋण जमा करने की समय सीमा बढ़ाई जाए

किसानों और किसान संगठनों ने मांग की है कि यदि खरीदी की तारीख आगे बढ़ाई गई है तो कर्ज जमा करने की अंतिम तारीख भी बढ़ानी चाहिए। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था किसानों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव बना रही है।

### कल्याण वर्ष में किसानों को दिन में भी बिजली प्रदाय की जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में किसानों को दिन में भी बिजली प्रदाय की जाएगी। किसान फसल उत्पादन के साथ पशुपालन, दूध उत्पादन और मत्स्य पालन से भी अपनी आय बढ़ाएं। देश के किसान प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाएं। राज्य सरकार ने दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी सत्र से शासकीय स्कूलों के बच्चों को माता यशोदा योजना में दूध के निः शुल्क टेट्रा पैकेट वितरित किये जाएंगे। स्कूली बच्चों को साल भर में 5 लाख साइकिलें बांटी गई हैं। कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी भी बांटी जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए संकल्पित है। प्रदेश में अब तक 70 हजार पदों के लिए नियुक्ति पत्रों का वितरण हो चुका है। इसमें ऊर्जा विभाग के 50 हजार पदों पर भर्ती शामिल है। हमारी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में 42 हजार पदों पर नई भर्ती को भी स्वीकृति दी है। इसी वर्ष लगभग एक लाख नियुक्तियां पूरी कर ली जाएंगी। आगामी समय में युवाओं को 2.5 लाख नियुक्तियों की सौगात मिलेगी।

# ट्रेफिक पुलिस की मदद करेगा निगम

### पार्किंग में ही खड़े कराएंगे वाहन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में ट्रैफिक पुलिस लगातार सड़क पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई कर रहा है। इससे कई प्रमुख मार्गों के यातायात में सुधार आया है। अब ट्रैफिक पुलिस के अभियान में निगम भी मदद करेगा, ताकि यातायात में सुधार हो सके। निगम जल्द ही एडवाइजरी जारी कर जा निर्धारित पार्किंग में ही वाहन खड़े कराने पर जोर देगा। ऐसा नहीं होने पर वाहन मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।



निगम ने एक साल पहले सुभाष चौक पर बूम बैरियर वाला पार्किंग शुरू किया था। दुकानदार इस पार्किंग में यदाकदा ही वाहन पार्क करते हैं। अधिकांश दुकानदार दुकानों के सामने ही वाहन खड़े करते हैं, जिससे ट्रैफिक का कचूमर निकल जाता। वैसे भी सुभाष चौक और उसके आसपास ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव रहता है। दुकानों के सामने वाहन खड़े होने से वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कत आती है। पार्किंग सुविधा का उद्देश्य था कि वाहन चालक निर्धारित शुल्क देकर सुव्यवस्थित रूप से वाहन खड़ा करें, जिससे यातायात में सुगमता आए।

# 3 से 5 अप्रैल तक वाराणसी में होगा महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में मोहन सरकार भारतीय ज्ञान परंपरा और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गौरवमयी अभियान विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत, मोक्षदायिनी नगरी वाराणसी में आगामी 3 से 5 अप्रैल 2026 तक भव्य महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष रुचि और दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू हुई यह सांस्कृतिक यात्रा अब बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी पहुँच रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य केवल एक शासक नहीं, बल्कि भारतीय न्यायप्रियता, वीरता और सुशासन के जीवंत प्रतीक हैं। वाराणसी में होने वाला यह महानाट्य जन-जन को उस वैभवशाली कालखंड से परिचित कराएगा। जब सम्राट विक्रमादित्य ने आज से लगभग 2100 वर्ष पूर्व आक्रांता शकों का समूल नाश कर 'विक्रम संवत' का प्रवर्तन किया था, यह संवत विश्व की प्राचीनतम काल-गणनाओं में से एक है, जो भारतीय विज्ञान और खगोल शास्त्र की श्रेष्ठता को दशार्ता है।


### मध्यप्रदेश 11.6 प्रतिशत विकास दर से कर रहा प्रगति

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने वित्तीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से अच्छे परिणाम देने का मॉडल तैयार किया है। हम कम संसाधनों में भी बेहतर से बेहतर रिजल्ट दे रहे हैं। आज हमारा मध्यप्रदेश देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाले प्रदेश के रूप में पहचाना जा रहा है। मध्यप्रदेश 11.60 प्रतिशत की विकास दर से तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार के पास 106 प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए समानुपातिक आवंटन के लिए पर्याप्त धनराशि है। जनकल्याण के साथ हम प्रदेश के औद्योगिक और अधोसंरचनात्मक विकास के लिए भी सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय मीडिया समूह की एनुअल समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने विकास के लिए हर क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है। हमारी कृषि विकास दर भी पहले से बेहतर हुई है। हमने बीते दो साल में औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान देकर जीआईएस और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कर मध्यप्रदेश में निवेश के लिए एक नया माहौल तैयार किया है। उन्होंने कहा कि बीते दो साल में प्रदेश में करीब 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर आया है।






# सेहत के लिए खाइए



सदियों से यह लगातार दोहराया जाता रहा है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। आपके स्वास्थ्य पर सबसे अधिक असर इस बात का पड़ता है कि आप क्या खा रहे हैं? भोजन के बारे में हमें एक बात याद रखनी चाहिए कि कुछ खास तरह का भोजन पचाने के लिए हमारा पाचन तंत्र जहां क्षार पैदा करता है, वहीं कुछ अन्य प्रकार के भोजन के लिए यह अम्ल पैदा करता है। यदि आप कई तरह का भोजन एक साथ कर लेते हैं, तो आपका पेट भ्रम में पड़ जाता है और क्षार के साथ अम्ल भी पैदा करने लगता है। ये दोनों एक-दूसरे के असर को समाप्त कर देते हैं। इससे हमें पाचन रसों का लाभ नहीं मिल पाता है। इसके कारण भोजन पेट में आवश्यकता से अधिक समय तक बना रहता है और कोशिकीय स्तर पर ऊर्जा प्राप्त करने की हमारी क्षमता कमजोर पड़ जाती है। इससे ऊर्जा प्रणाली में जड़ता भी पैदा होती है, जिसे हम तमस कहते हैं। यदि यह लंबे समय तक रहे, तो आपके गुणों पर असर होने लगता है, और यह न केवल आप क्या हैं बल्कि आप क्या बन सकते हैं, उस पर भी प्रभाव डालता है। प्राचीन काल से ही, दक्षिण भारत में लोग इस बात का खास ध्यान रखते थे कि कुछ खास व्यंजनों को आपस में न मिलाया जाए। किंतु आजकल, भोजन का महत्व शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रह ही नहीं गया है, यह एक सामाजिक मामला बन गया है। लोग जब भोज में खाते हैं, तब शरीर को पोषण देने से अधिक चर्चे इस बात के होते हैं कि कितनी तरह के व्यंजन लगाए गए? सवाल यह नहीं कि क्या नहीं खाएं, बल्कि मुद्दा यह है कि क्या खाएं और कितनी मात्रा में खाएं? यह नैतिकता का नहीं, बल्कि जीवन की समझ का विषय है। शहरी जीवन से जूझने के दौरान आपको चुस्त-दुरुस्त दिमाग की जरूरत पड़ती है। साथ ही शरीर और मन के बीच एक संतुलन रखना पड़ता है। यही नहीं, आप में से कुछ की आध्यात्मिक आकांक्षा (चाहे बरसों में एक बार ही उसकी इच्छा जगे!) भी होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना संतुलित भोजन तय करना चाहिए, किंतु इसके लिए उसे कोई शपथ लेने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह निरीक्षण और जागरूकता से किया जाना चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है कि आप भोजन को लेकर झक्की न बन जाएं। आप हर समय भोजन के पीछे ही लगे हुए हैं- इसको ऐसा कोई मुद्दा न बनाएं। इस धरती का हर जीव जानता है कि उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। फिर समस्या क्या है? आपकी समस्या यह है कि आप भरपूर ध्यान नहीं देते, बजाय उसके ढेर सारी जानकारियां बटोर लेते हैं।



## सम्पादकीय

# नई दिशा में नेपाल

यह पूरे दक्षिण एशिया के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है कि पड़ोसी देश नेपाल की कमान उसके सबसे युवा प्रधानमंत्री बालेन शाह ने संभाल ली है। इसी महीने की शुरूआत में देश में हुए चुनावों में भारी मतों से जीतने के बाद 35 वर्षीय बालेन शाह ने अपने देश और देशवासियों के नाम पर पद की शपथ ली है। पेशे से रैपर-गायक रहे बालेन शाह साल 2022 में काठमांडू के मेयर नियुक्त हुए थे और अब उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लगभग दो-तिहाई बहुमत मिलने के बाद उनके हाथों में नेपाल का भविष्य है। अपने देश को लेकर उनके मन में बहुत प्रेम और आस्था है, जिसकी झलक उनके गीतों में भी मिलती रही है। गौर करने की बात है, जब बीते वर्ष सितंबर में नेपाल के युवाओं ने विद्रोह किया, तब बालेन शाह के गीत उनकी प्रेरणा के स्रोत बन गए थे। हिंसक, लेकिन सफल विद्रोह के चलते भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार से ग्रस्त नेपाल सरकार का तख्तापलट हो गया था। युवाओं ने जिन चंद ईमानदार हस्तियों को देश का नेतृत्व करने योग्य माना, उनमें बालेन शाह सबसे आगे थे और अब पूरा देश उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में कामयाब देखना चाहता है। नेपाल को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम बहुत जरूरी है और यह भारत के भी अनुकूल है। एक समृद्ध और विकास की ओर बढ़ते पड़ोसी देश से भारत के विकास को ही बल मिलेगा। अभी इस देश से प्रतिदिन करीब 1,500 लोग रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर हैं। इन लोगों को देश में ही रोजगार देना बहुत बड़ी चुनौती है। बालेन शाह अगर इस मोर्चे पर आधे भी कामयाब होते हैं, तो नेपाल गरीबी और अभाव के दलदल से बाहर निकलने लगेगा। वहां के लोगों की शिकायतों पर अगर गौर करें, तो नेपाल को उसके नेताओं ने बहुत लूटा है या लुटने दिया है। तीन करोड़ लोगों के इस देश में राजनीतिक अस्थिरता एक अभिशाप रही है। यह त्रासद तथ्य है, वहां 1990 से अब तक 32 सरकारें सत्ता में आई हैं और किसी भी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। बालेन शाह ने अगर प्रधानमंत्री के रूप में बेहतर प्रदर्शन कर दिखाया, तो पहले से स्थापित और सत्ता में रही पार्टियों के लिए अपनी बची हुई जमीन बचाना भी बहुत मुश्किल हो जाएगा। नए प्रधानमंत्री के अच्छे निर्णय देश को नई दिशा और दशा की ओर ले जाएंगे। यहां यह भी ध्यान देने की बात है, राजशाही के बाद नेपाल में बनी तमाम सरकारें कमोबेश चीन के प्रभाव में रही हैं, जिसके संकेत भारत के साथ नेपाल के संबंधों में यदा-कदा दिखते रहे हैं। नेपाल का चीन के साथ होना गलत नहीं है, पर भारत के विरोध में खड़े हो जाना चिंता की बात है।

## हिंदू-सिख या बौद्ध से धर्म बदला तो एससी का दर्जा होगा समाप्त

# सर्वोच्च न्यायालय का व्यापक प्रभाव वाला फैसला

सर्वोच्च न्यायालय ने धर्मांतरण और अनुसूचित जाति की श्रेणी के परिप्रेक्ष्य में व्यापक प्रभाव वाला ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की पीठ ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू,



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

बौद्ध या सिख धर्म को छोड़कर कोई अन्य धर्म (जैसे ईसाई या इस्लाम) अपना लेता हैं तो वह अनुसूचित जाति के दर्जे में नहीं रह जाएगा। वह स्वयं या परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी में आरक्षण या अन्य संवैधानिक लाभ का पात्र होने का दावा भी नहीं कर सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन के साथ ही उसका अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। न्यायालय के इस फैसले से अर्से से चल रही उस बहस पर निर्णायक विराम लग जाता है कि व्यक्ति के धर्म परिवर्तन कर लेने से उसकी मूल सामाजिक पृष्ठभूमि में परिवर्तन नहीं आता है, इसलिए उसे आरक्षण का हकदार माना जाता रहना चाहिए। यहां सवाल यह भी उठता है कि जब उसकी मूल पृष्ठभूमि में परिवर्तन आता ही नहीं है, तो फिर वह धर्म बदलता क्यों है ? क्या केवल लाभ के लालच में या फिर छल-छद्म के चलते ?

इस फैसले में शीर्ष न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें एक पादरी द्वारा एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर को रद्द कर दिया था। अदालत ने कहा है कि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेष, 1950 के अनुच्छेद-3 के अंतर्गत धर्मांतरण के साथ ही एससी का दर्जा तत्काल समाप्त हो जाता है। अर्थात इस कानून के अंतर्गत शिकायत केवल वही व्यक्ति दर्ज करा सकता है, जो वास्तव में इस समुदाय से संबंधित है। धर्म छोड़ने के उपरांत वह वैधानिक अधिकार खो देता है। अदालत ने दो टूक कहा है कि 1950 के इस आदेश में हिंदू, सिख एवं बौद्ध ही अनुसूचित जाति की श्रेणी में आते हैं। अतएव जन्म के आधार पर मिलने वाला यह दर्जा धर्मांतरण के बाद अपना प्रभाव खो देता है। कानून इस बात की अनुमति नहीं देता कि कोई व्यक्ति एक साथ ईसाई धर्म के रीति-रिवाजों का पालन करे और मूल रूप में अनुसूचित जाति से होने के कारण संवैधानिक लाभ भी प्राप्त करता रहे ? यह दोनों स्थितियां परस्पर विरोधी हैं। दरअसल यह मामला आंध्रप्रदेष के मूल निवासी पादरी चिंथाड़ा आनंद से संबंधित है। आनंद ने मारपीट व जातिगत गाली-गालोंज का आरोप लगाते हुए एससी-एसटी धाराओं में एफआईआर कराई थी। किंतु वह एक दशक से ईसाई पादरी की भूमिका में हैं और घटना के समय घर में प्रार्थना-सभा कर रहे थे, जिससे स्पष्ट होता है कि आनंद ईसाई-धर्म के पालन में संलग्न थे। अतएव वे अनुसूचित जाति कानून के तहत मिली विशेष सुरक्षा का दावा नहीं कर सकते हैं। ईसाई धर्म में तो वैसे भी जातिगत पहचान की कोई व्यवस्था ही नहीं है।

धर्मांतरण से जुड़ा यह मुद्दा लंबे समय से संसद में गरमाता रहा है। झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मध्य-प्रदेश के ढालसिंह बिसेन ने कहा था कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा है, इसलिए दूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। दरअसल संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एसटी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। चिंथाड़ा आनंद का मामला एक अपवाद है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकार्यता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। किंतु यह विधेयक आज तक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिंदू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। अब इस दिशा में यह बहुप्रतीक्षित फैसला संवैधानिक झोल का आधार बन सकता है।

संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर राष्ट्र किसी भी नागरिक के साथ पक्षपात नहीं कर सकता। इस दृष्टि से संविधान में विरोधाभास भी हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950, जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में अन्य धर्म समुदायों के दलित और हिंदू दलितों के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा है, जो समता और सामाजिक न्याय में भेद करती है। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। इस बाबत रंगनाथ मिश्र की रिपोर्ट ने इस भेद को दूर करने की पैरवी की थी। लेकिन संविधान में संषोधन के बिना यह संभव नहीं था। 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा था कि एक बार जब कोई व्यक्ति हिंदू धर्म या मत छोड़कर ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बन जाता है तो हिंदु होने के चलते उसके सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से कमजोर होने की अयोग्ताएं समाप्त हो जाती हैं। लिहाजा उसे संरक्षण या आरक्षण देना जरूरी नहीं है। इस लिहाज से उसे अनुसूचित जाति का व्यक्ति भी नहीं माना जाएगा।

## स्मार्ट-मुंडन

रामपुर गांव के आधुनिकतावादी 'फरेब लाल' ने जब इस बार प्रधानी का चुनाव लड़ा, तो उन्होंने गांव की परंपराओं को 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (अक) के तड़के के साथ परोस दिया। उनका मुख्य चुनावी मुद्दा था-'पंचांग का डिजिटलाइजेशन और प्रिडिक्टिव कर्मकांड'। फरेब लाल का तर्क था कि अब तक गांव के लोग पुराने मोटे पंचांगों के चक्कर में अपनी किस्मत खराब कर रहे थे, जबकि असली भविष्य तो 'एल्गोरिदम' में छिपा है। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे हर घर में एक 'एआई-भविष्यवक्ता' यंत्र लगवाएंगे, जो सुबह ही बता देगा कि आज किस पड़ोसी से उधार मांगना है और किस गली में सांड से बचकर निकलना है। गांव के लोग, जो अपनी कुंडली के दोषों से परेशान थे, अचानक इस 'सिलिकॉन अध्यात्म' के जाल में ऐसे फंसे कि उन्हें लगने लगा कि अब विधाता का सारा डेटा फरेब लाल के सर्वर पर लोड हो चुका है।

प्रचार के अंतिम सप्ताह में फरेब लाल ने गांव के पुराने कुएं के पास एक 'पाप-पुण्य कैलकुलेटर' लगाया, जो वास्तव में एक पुराना कबाड़ हो चुका एटीएम मशीन का ढांचा था। उन्होंने दावा किया कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने का संकल्प लेकर अपनी उंगली इस मशीन के सेंसर (जो असल में एक रबर का छल्ला था) पर रखेगा, उसके पिछले सात जन्मों का डेटा 'रीसेट' हो जाएगा और उसे एक नया 'ई-मोक्ष कार्ड' मिलेगा। विपक्षी उम्मीदवार 'बुधई राम' सरकारी स्कूलों और खाद की बात कर रहे थे, लेकिन जनता को तो उस एआई की चिंता थी जो उनके अगले जन्म को 'अपग्रेड' करने वाला था। फरेब लाल ने गांव के लड़कों को टैबलेट लेकर घर-घर भेजा, जो ग्रामीणों को उनके पूर्वजों की आवाज में (जो असल में वॉयस चेंजर का कमाल था) फरेब लाल को वोट देने की सलाह दिलवा रहे थे। जनता को लगा कि अब तो पितृ लोक ने भी डिजिटल क्रांति अपना ली है। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और फरेब लाल ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, पूरा गांव अपना 'ई-मोक्ष कार्ड' और भविष्य जानने के लिए उनके दरवाजे पर कतारबद्ध हो गया। फरेब लाल अपनी नई चमचमाती एसयूवी से उतरे और सबके हाथ में एक-एक 'खाली सफेद कागज' थमाते हुए बोले- भाइयों, एआई ने बताया है कि आपका भविष्य अभी 'लोड' हो रहा है! जनता हक्की-बक्की रह गई, हुजूर, यह तो कोरा कागज है, हमारा मोक्ष कहाँ है?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 29 मार्च 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:26 सूर्यास्त 18:37
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - एकादशी 07:47 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - अश्लेषा 14:38 उपरांत मघा
योग - धृति 18:19 उपरांत शूल
करण - विष्टि
चन्द्रमा - कर्क में है। 14:38 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 09 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन-** आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क-** आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है।

**सिंह-** फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**तुला-** किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक-** घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**धनु-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**मकर-** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ-** सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**मीन-** भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

## व्यंग्य

# खिसियानी बिल्ली खंभा नोचें

बिल्ली खिसियती क्यों है और खिसियाती भी है तो खंभे को ही क्यों नौचती है। ये बड़ा कठिन प्रश्न है। यूं देखें तो डॉग साब भी खंबे का बड़ा जबरदस्त उपयोग करते है। खंबे को बंबू भी कहा सुना जाता है।



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

अपने हरियाली के दिनों में सदी के महानायक ने भी तंबू में बंबू खूब लगाए है लेकिन हम बात खंभों की नही बिल्लियों की कर रहे है। बिल्लियां दूध भी पी लेती है और चुहों को भी चटर चटर सफा चट कर जाती है। यूं तो इतनी सुसंस्कृत होती है, कि घर में जब कभी भी आती है तो पूछ कर आती है मि आऊं.... मि आऊं.... लेकिन हम इंसान इतने कमजर्फ है कि ऐसी संस्कारवान बिल्लियों के गले में भी घंटी बांधना चाहते है। सच मुच घोर कलजुग है।बिल्लियाँ हमेशा पशोपेश में रहती है।वो हम श्रद्धा पुत्रों को समझ ही नहीं पाती है। समझते समझते बापड़ी बिल्लियां की समझ चक्कर घिन्नी हो जाती है हमारा पल पल बदलता हुआ रुख देखकर। यदि बिल्ली सुबह दिख जाए तो हम मनुष्य शुभ मान कर खुश हो जाते है लेकिन आते जाते हमारे आगे रास्ते के एक छोर से दुसरे छोर तक चली जाए ससुरी तो हम रुक जाते है, लौट जाते है और हमारे मुंह से अनायास फूट पड़ता है हे प्रभू। अब क्या होगा? बिल्ली रास्ता काट गई। जबकि कर्नाटकी तो मंदिर बना कर उसको पूजते भी है । यही नहीं शास्त्र भी लक्ष्मी की बहन अलक्ष्मी के वाहन के रुप में बिल्ली की उपादेयता को रेखांकित करते है लेकिन कही कही तो बिल्ली का घर में आना ही अशुभ माना जाता है। सपने में भी बापड़ी दिख भर जाए फिर क्या है। अशुभ की आशंका से हम बापड़ी को जी भर के कोसने लगते है ।इस शुभाशुभ के चक्र को तो बिल्ली कभी भेद ही नहीं पाती है। कर भी क्या सकती है गरीब बिल्ली सिर्फ अलक्ष्मी देवी से प्रार्थना करने के कि देवी हम को बचा इस दो पैर के गिरगिट से। बिल्ली को यह सुनकर बड़ा आश्चर्य होता है कि मानव को यह पता है कि कितने चूहे खाकर वो हज को जाती है । सवाल ये भी है कि हज ही क्यों जाती है कुछ बिल्लियां सनातनी भी हो सकती है हम बंदों को चमड़ी के रंग का बड़ा लेना देना है। सो हमने रंगभेद बिल्लियों पर भी लाद दिया। काली बिल्लियों को बुरी शक्तियों से जोड़ दिया और हॉरर फिल्मों में लोगों को भयभीत करने के लिए उसका उपयोग करने लगे जबकि सफेद बिल्ली को शुभ मान लिया ।हम हिन्दुस्तानियों को गोरे रंग से जो मोह है, वो कर्मजला बिल्लियों के इस विभाजन में खुले आम नंगा नाचने लगता है। और हमारे सांस्कृतिक अभिमान की कलई खोल कर रख देता है। जै हो बिल्ली मौसी की।

बिल्ली का चूहे और कुत्ते से जो जन्म जन्मांतर का पंगा है, वो हर युग में प्रासंगिक रहा है। अब आप देखो न अपने भी भी दो प्रबल दुश्मन है, एक चूहे की भांति और दुसरा कुत्ते की भांति। चूहा छींक भर दे। बिल्ली सर पर आसमान उठा लेती है।। लेकिन वही, यदि डॉग साब बिल्ली का पुरा का पुरा इलाका ही कब्जियां ले तो भी इन बिल्लियों के मन में क्रोध की एक हल्की सी लहर भी नहीं उठती है। भला डॉग का बिल्लियां क्या ही कर सकती थी बहुत होता तो लोगों को डॉग लैंड की बनी हुई झालरों को नहीं लगाने देती और क्या।

बिल्लियां जब भी लड़ती है सदैव बंदर फायदे में रहता है। सदियों से बंदर बिल्लियों की आपसी लड़ाई का फायदा उठाकर खुद रोटियां खा रहा है और बिल्लियों का शुभ चिंतक भी बना हुआ है। यही तो वो हुनर है जो लोगो को यह कहने पर विवश कर देताहै कि रोटी खाएगा तो बन्दर ही कुल मिलाकर तो बिल्लियां ना केवल खिसियाने की शौकीन है बल्कि खंबा नौचनें में भी असीम आनंद प्राप्त करती है ।ये तो हम ही मूर्ख है जो इनकी चिंता में चिता पर बैठे जा रहे है। अब ये खिसियाये या खंबा नौचें हमको क्या। अपन तो अब टूप टॉप ही रहेंगे। बिल्लियों!

# इन आसान उपायों के मदद से मिलेगी आपको एसिडिटी और गैस से राहत

आज-कल लोगों के खराब खान-पान और लाइफस्टाइल की वजह से पेट में गैस बनना, एसिडिटी जैसी बीमारियां आम हो गई हैं। यह पाचन तंत्र से जुड़ी आम समस्या है, जो ज्यादा तला-भुना खाने या फिर ज्यादातर बाहर का खाना खाने से उत्पन्न होती है। कभी-कभी अस्वस्थ भोजन के कारण यह समस्या किसी को हो सकती है। लेकिन अगर आपको यह समस्या अधिक होने लगती है इसे नजरअन्दाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि बार-बार ऐसा होने पर यह समस्या गंभीर रूप भी ले सकती है। इसलिए आपके लिए जरुरी है कि एसिडिटी और गैस की समस्या के सही लक्षणों को जानें और उस से बचने की पूरी कोशिश करें।

### एसिडिटी के प्रमुख लक्षण

- सिर दर्द होना और सांस लेते समय मुंह से बदबू आना।
- जी मिचलाना, खट्टी डकार आना और सीने में जलन होना।
- खाना ठीक ढंग से नहीं पचने के कारण उल्टी और दस्त होना।
- कुछ नहीं खाने पर भी भूख न लगना और हमेशा पेट भरा-भरा लगना।



- अगर आप भी ऐसी समस्याओं से परेशान हो रहें हैं तो कुछ घरेलू चीजों के सेवन से आप अपने पेट को हमेशा फिट और हेल्दी रख सकते हैं।

### आंवला जूस

आंवला में एन्टी-इन्फ्लैमटोरी और एन्टीऑक्सिडेंट गुण पाए जाते हैं, जो पेट से नुकसानदायक पदार्थों को निकालकर पेट दर्द जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में सहायक होता है। एसिडिटी से राहत पाने के लिए खाली पेट आंवला का जूस पीएं। इसमें मौजूद फाइबर आपके पाचन-क्रिया को बेहतर बनाता है और आपको पेट में गैस बनने जैसी समस्या से छुटकारा दिलाता है।

### एलोवेरा जूस

एंटीऑक्सीडेंट्स और औषधीय गुणों से भरपूर एलोवेरा जूस पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के साथ-साथ कब्ज की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है। इसमें ऐसे एंटी-इन्फ्लैमटोरी गुण होते हैं, जो एसिडिटी और अन्य पेट की समस्याओं के इलाज में कारगर है।

### सौंफ

अगर आप लगातार पेट में गैस बनने और एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान हैं और आपका पेट फूला हुआ है तो आपके लिए सौंफ का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आप एक कप पानी गर्म में 1 चम्मच सौंफ मिलाकर उसे रातभर छोड़ दें। सुबह इसे छान लें और इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर इसका सेवन करें। इसके नियमित सेवन से पेट फूलना, पेट दर्द, एसिडिटी और गैस की समस्या से आपको छुटकारा मिल सकती है।

### दही

दही एक प्रकार का प्रोबायोटिक होता है जिसे खासकर पेट के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। गर्मियों में रोज दही के सेवन आपके पेट को ठंडा रखता है। इसके सेवन से आप एसिडिटी और पेट से जुड़ी अन्य समस्याओं से बच सकते हैं। इसके अलावा दही खाने से पाचन शक्ति मजबूत होने के साथ ही शरीर में खून की कमी और कमजोरी दूर होती है।

## धर्म-आस्था

# विश्वास, भक्ति और आंतरिक शक्ति का अद्भुत संदेश


भारतीय अध्यात्म परंपरा में ऐसे अनेक प्रसंग हैं, जो साधारण कथा के रूप में प्रतीत होते हुए भी जीवन के गहरे सत्य को उद्घाटित करते हैं। प्रभु श्रीराम के



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

अनन्य भक्त हनुमानजी द्वारा समुद्र लांघने का प्रसंग भी ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण है। सामान्य दृष्टि से देखें तो यह एक अद्भुत और आश्चर्यजनक घटना है कि एक वानर सौ योजन विस्तृत समुद्र को पार कर गया, किंतु संत कवि तुलसीदास जी इस घटना को आश्चर्य नहीं मानते। उनके अनुसार, इस लीला का रहस्य कहीं और निहित है।

जब किसी ने उनसे इस प्रसंग पर आश्चर्य व्यक्त किया, तो उन्होंने सहज भाव से कहा कि इसमें कोई विस्मय नहीं है। हनुमानजी पार जाते हुए अवश्य दिखाई देते हैं, परंतु वास्तविक शक्ति उस तत्व में है, जो प्रत्यक्ष नहीं दिखता। यही वह बिंदु है, जहां यह कथा केवल एक वीरता गाथा न रहकर आध्यात्मिक संदेश बन जाती है। तुलसीदास जी द्वारा रचित पंक्ति प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहीं, जलधि लांघि गये अचरज नाहीं इस रहस्य को स्पष्ट करती है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि हनुमानजी की सफलता का कारण उनके मुख में रखी प्रभु की मुद्रिका है। किंतु जब इस भाव को गहराई से समझा जाता है, तो यह स्पष्ट होता है कि महिमा न तो केवल हनुमानजी की है और न ही मात्र उस मुद्रिका



की। प्रश्न उठता है कि फिर यह शक्ति किसकी है? उत्तर अत्यंत सूक्ष्म और गूढ़ है। हनुमानजी ने मुद्रिका को केवल वस्तु के रूप में मुख में नहीं रखा, बल्कि उसमें अंकित राम नाम को अपने भीतर धारण किया। वह नाम, जो केवल अक्षरों का समूह नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और परम शक्ति का प्रतीक है। मुद्रिका में अंकित वह पवित्र नाम ही उनकी असाधारण क्षमता का वास्तविक स्रोत बना।

जब उनसे यह पूछा गया कि मुद्रिका को मुख में रखना क्या उचित है, तो इसका संकेत यही था कि वस्तु नहीं, बल्कि उसके भीतर निहित भाव को ग्रहण करना ही सार्थक है। हनुमानजी ने जिस राम नाम को अपने मुख में रखा, वह उनके लिए केवल उच्चारण नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक था। यही कारण है कि उनके लिए असंभव प्रतीत होने वाला कार्य भी सहज हो गया। यह प्रसंग हमें यह शिक्षा देता है कि जीवन के महासागर को पार करने के लिए बाहरी साधनों से अधिक आंतरिक शक्ति की आवश्यकता होती है। आज का मनुष्य भी अनेक प्रकार की चुनौतियों, संघर्षों और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। ऐसे में यदि वह केवल बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर रहेगा, तो वह निराशा का अनुभव कर सकता है। किंतु यदि वह अपने भीतर विश्वास, धैर्य और सकारात्मकता को स्थापित करता है, तो वह किसी भी कठिनाई को पार करने में सक्षम हो सकता है।

राम नाम का आशय केवल एक धार्मिक उच्चारण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सत्य, मयार्दा, करुणा और धर्म के उन मूल्यों का प्रतीक है, जो मानव जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। जब इन मूल्यों को हम अपने आचरण में उतारते हैं, तो हमारे भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होता है। यही वह शक्ति है, जो हमें जीवन के कठिनतम क्षणों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। आज के परिवेश में, जब व्यक्ति बाहरी सफलता और भौतिक उपलब्धियों को ही प्राथमिकता देने लगा है, तब यह प्रसंग हमें भीतर की ओर देखने की प्रेरणा देता है। यह बताता है कि वास्तविक विजय बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है। जब मन स्थिर और विश्वास दृढ़ होता है, तब जीवन का कोई भी समुद्र अपार नहीं रह जाता।

अंततः, हनुमानजी की यह कथा केवल एक धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन है। यह हमें सिखाती है कि यदि हम अपने भीतर विश्वास और सकारात्मकता का संचार करें, अपने मूल्यों को दृढ़ता से अपनाएं, तो हम भी अपने जीवन के हर संकट को पार कर सकते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,47,500, रवा- 1,47,400 चांदी- टंच- 2,26,500 पाट- 2,25,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज कालम



### सुदर्शन नगर माता मंदिर समिति ने राज्यमंत्री टेटवाल से की मुलाकात

**सारंगपुर।** सुदर्शन नगर माता मंदिर समिति ने शनिवार को मप्र शासन के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल से स्थानीय सेवा सदन कार्यालय में विभिन्न मांगो एवं समस्याओं के निदान के लिए मुलाकात की। इस दौरान सदस्यों ने मंत्री से मिलकर सुदर्शन स्थित माता मंदिर प्रांगण की समस्याओं से अवगत कराया और निराकरण के लिए आवेदन दिया। जिसमें मांग की गई कि मंदिर परिसर कि बाउंड्री वाल निर्माण कराई जाए, पानी निकासी हेतु नाली निर्माण किया जाए, गड्ढे कि भराई कर पेवर्स लगाए और कूप की सफाई रिचार्ज तथा कूप के ऊपर ढक्कन लगवाने आदि की मांग की गई। मांगे सुनने के बाद भी राज्यमंत्री टेटवाल ने सभी कार्य एक माह में करवाने का आश्वासन मंदिर समिति को दिया। इस मौके पर माखन सिंह यादव, पंडित हरीओम शर्मा, मोहित गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

### सारंगपुर में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य: पंपों पर भीड खत्म



**सारंगपुर।** सारंगपुर में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य हो गई है। तीन दिन तक चली आपाधापी के बाद शनिवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर भीड नहीं देखी गई। पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। दरअसल, तीन दिन पहले प्रदेश भर में फैली अफवाहों के कारण सारंगपुर क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड बढ गई थी। देखते ही देखते अधिकांश पंपों पर लंबी कतारें लग गईं और कुछ जगहों पर तो स्टॉक भी खत्म हो गया था। प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालकों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से भीड न लगाएं। उन्होंने कहा कि जितनी जरूरत हो, उतना ही पेट्रोल-डीजल लें। सारंगपुर क्षेत्र के सभी मार्गो पर स्थित पेट्रोल पंपों पर शनिवार को सामान्य रूप से पेट्रोल का वितरण हुआ। कहीं भी कोई भीड नजर नहीं आई। शहर के पेट्रोल पंप संचालक घनश्याम मालवीय एवं मोहम्मद अली ने बताया कि लोगों को अफवाहों से बचना चाहिए। उन्होंने पुष्टि की कि पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक है और जो भी दिक्कत हुई थी, वह सिर्फ भीड बढने के कारण थी। अब स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

### किसानों को एक अप्रैल से खाद लेने फार्मर आईडी जरूरी

**सारंगपुर।** सारंगपुर सहित प्रदेशभर में किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, सुगमता, समयबद्ध व्यवस्था के लिए ई-टोकन आधारित उर्वरक वितरण प्रणाली लागू की गई है। इस व्यवस्था में उर्वरक लेने के लिए किसान के पास फार्मर आईडी होना जरूरी है।तहसीलदार आकाश शर्मा ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से उर्वरक वितरण के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य रहेगी। जिन किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, उन्हें परेशानी होगी। उन्हें उर्वरक नहीं मिलेगा। किसानों से कहा गया है कि समय रहते फार्मर आईडी बनवा लें। जिन किसानों की फार्मर आईडी में सभी खसरा सर्वे नंबर दर्ज नहीं हैं, वे जानकारी तुरंत अपडेट कराएं। जिन किसानों की जमीन अलग-अलग विकासखंडों या अन्य जिलों में है, वे अपने सभी सर्वे नंबर एक ही फार्मर आईडी से लिंक कराएं। इससे आगे उर्वरक लेने या अन्य कृषि प्रक्रियाओं में बाधा नहीं आएगी। किसान फार्मर आईडी बनवाने के लिए अपने हल्का क्षेत्र के पटवारी, लोकल यूथ, एमपी ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी या किसी भी साइबर कैफे से संपर्क कर सकते हैं।

### राजस्व वसूली के लिए अवकाश दिवस में भी खुलेगी नगरपालिका

**महिदपुर।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सम्पत्तिकर, जलप्रभार के अधिभार में छूट का लाभ 31 मार्च तक दिया जा रहा है। इसके लिए राजस्व वसूली हेतु नगर पालिका कार्यालय शनिवार, रविवार अवकाश दिवस भी खुला रहेगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा चर्चा में बताया कि नागरिकअपनी बकाया जलकर एवं सम्पत्ति कर की राशि जमा कर अधिभार एवं सरचार्ज में छूट प्राप्त कर सकते हैं , यह छूट 31 मार्च तक दी जा रही है। अतः समस्त नागरिक अपनी बकाया जलकर एवं सम्पत्ति कर की राशि नगरपालिका में जमा कर अधिभार एवं सरचार्ज में छूट प्राप्त कर शासन के इस सुनहरे अवसर का लाभ लेवें।

### सारंगपुर में रात का तापमान 22 डिग्री के पार, रात में भी हो रहा गर्मी का एहसास

**सारंगपुर।** सारंगपुर में गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। विकासखंड का अधिकतम तापमान 1 डिग्री बढकर 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 2 डिग्री की वृद्धि के साथ 22 डिग्री पर पहुंच गया। रात का पारा 22 डिग्री के पार जाने से अब लोगों को रात के समय भी गर्मी का अहसास होने लगा है। इससे नींद और आराम प्रभावित हो रहा है। गर्मी से बचाव के लिए लोग कूलर और एयर कंडीशनर का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल क्षेत्र में मौसम शुष्क बना रहेगा। अगले पांच दिनों तक किसी बडे बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में ट्रफ के रूप में सक्रिय है। इसके अतिरिक्त, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी राजस्थान-मध्य पाकिस्तान क्षेत्र में ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण भी बना हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक, 28 मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है।

---

बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव

## यात्रियों के लिये शीतल जल की व्यवस्था नही

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सारंगपुर



क्षेत्र के प्रमुख बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए परेशानी बना हुआ है। खासतौर पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। रोजाना आने-जाने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। इससे पहले भी हमने जिम्मेदारों को अवगत कराया था। तेज गर्मी के असर के बावजूद अब तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं हुई। यात्री परेशानी उठा रहे हैं।

सारंगपुर के प्रमुख नया बस स्टैंड पर नगर पालिका ने शीतल जल प्लाऊ के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों में नाराजगी दिख रही है। बस स्टैंड से प्रतिदिन सुबह से शाम तक सैकड़ो बसों का संचालन चलता रहता है। आसपास के गांवों के साथ इंदौर, भोपाल,उज्जैन, कानपुर, ग्वालियर, गुना के लिए बडी संख्या में यात्री सफर करते हैं। दिनभर आवाजाही रहती है। इसके बावजूद बस स्टैंड पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है।

बस स्टैंड पर दो यात्री प्रतीक्षालय है, जिसमें से एक पर पेयजल व्यवस्था के नाम पर सिर्फ एक सीमेंट की पानी की टंकी है, जिसके आसपास भी गंदगी और ठंडा पानी नहीं मिलता है। वही दूसरे प्रतीक्षालय में वह पानी की टंकी भी उपलब्ध नहीं है।

जबकि नगरपालिका को इन दोनो प्रतीक्षालयो पर शीतल जल यात्रियों को उपलब्ध कराने के लिए वाटर कुलर की व्यवस्था करनी चाहिए।

### गर्मी शुरू होते ही समस्या और गंभीर हो गई

तेज धूप में यात्रियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पडता है। कई बार मजबूरी में निजी दुकानों से पानी खरीदना पडता है। इससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल पर पेयजल, छाया, स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाएं जरूरी हैं, लेकिन बस स्टैंड पर शीतल जल का अभाव साफ दिखता है। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों और नगरीय प्रशासन को बताया गया। अब तक स्थायी समाधान नहीं निकला है।

## राम का संपूर्ण जीवन धर्म नीति न्याय का पर्याय रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ महिदपुर

राम भारत की आत्मा व मर्यादा का अवतार है। राम का संपूर्ण जीवन धर्म नीति न्याय का पर्याय रहा है यही उनके जीवन का आभूषण था। राम ने मानव के रूप में इस भूमि पर मानवता का संदेश दिया। राम की सभी लीलाएं हमारे जीवन का पथ प्रदर्शक और जीवन का दर्पण है। नारी के प्रति आदर भाव उनके जीवन का प्रमुख आभूषण रहा है राम ने शबरी के झुटे बेर खाकर सद्भावना व समरसता का संदेश दिया है। राम ने नर रूप में मानव समाज को यह संदेश दिया। धर्म नीति और न्याय राम के जीवन का मुल मंत्र रहा है। राम ने 14 वर्ष के वनवास मे मानव मूल्यों की स्थापना कर आदर्श जीवन का संदेश दिया है। पिता की आज्ञा का पालन कर राम ने आदर्श पुत्र होने का गौरव प्राप्त किया। एक पिता का मान बढ़ाने के लिए राजसी वैभव का त्याग कर राम आदर्श पुत्र बने इसलिए राम जैसा पुत्र भुतो न भविष्यति राम का चरीत्र मानव मात्र के लिए प्रासंगिक है। राम भारत की आत्मा व मयार्दा का प्रतीक है। आज हमारे देश मे कुछ विदेशी आतातीयांव स्वार्थी लोग हमारी सांस्कृतिक विरासत संस्कृति एवं धर्म को जाति के नाम पर तोडने का षडयंत्र कर रहे है ऐसे में हम सभी सनातनियों को राम के जीवन को समझ कर जाति से उपर उठकर धर्म के लिए खडे होने की आवश्यकता है।

## अखंड हिंदू सेना द्वारा राम नवमी पर खिचड़ी वितरण उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ महिदपुर



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर राम नवमी के उपलक्ष्य में अखंड हिंदू सेना द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय चैक बाजार स्थित ऐतिहासिक श्री राम मंदिर के बाहर सेना के कार्यकताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए फरियाली खिचड़ी के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की खुशी में आयोजित इस वितरण कार्यक्रम की शुरूआत विशेष पूजा-आरती के साथ हुई। दोपहर से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहाँ अखंड हिंदू सेना के सदस्यों ने सेवा भाव के साथ सभी भक्तों को प्रसाद स्वरूप खिचड़ी वितरित की।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राम जन्मोत्सव को सेवा संकल्प के रूप में मनाया गया। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी और बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों ने कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। चैक बाजार क्षेत्र में दिनभर जय श्री राम के उद्घोष गूंजते रहे। स्थानीय नागरिकों ने अखंड हिंदू सेना के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और धार्मिक जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत तक बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी का लाभ लिया।

## देवास पुलिस ने 4 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार, 500 लीटर अवैध शराब जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ देवास



देवास पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने करीब 500 लीटर अवैध शराब और एक वाहन जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर जिले में संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए च्ऑपरेशन प्रहारज् चलाया जा रहा है।

27 मार्च की रात अवैध शराब तस्करी की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने टीम के साथ कार्रवाई की। पुलिस टीम ने ग्राम सुनवानी महांकाल में घेराबंदी कर धर्मेंद्र परमार और प्रदीप रावत को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से २४ पेटी अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब १ लाख रुपए है। दूसरी कार्रवाई ग्राम लोहार पिपल्या में रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे की गई। यहां से नरेंद्र राजपूत और संदीप डाबी को गिरफ्तार किया।?

## सरदार पटेल की जयंती पर एकता, अनुशासन व राष्ट्रभावना का संदेश दिया



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ देवास

देवास जिले में भारत की एकता एवं अखंडता के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की १५०वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक व्यापक साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर देशभर में दो वर्षों तक जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय भोपाल ने शनिवार को प्रदेश के प्रत्येक थाना स्तर तक प्रातः कालीन साइक्लोथॉन आयोजित करने के निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देशों के पालन में देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में देवास जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में साइक्लोथॉन का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से एकता, अनुशासन और राष्ट्रभावना का संदेश दिया गया।

देवास शहर में आयोजित साइक्लोथॉन में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, सीएसपी सुमित अग्रवाल सहित सभी थाना प्रभारी और पुलिस बल ने सक्रिय भागीदारी की।

## प्रतीक शर्मा बने बेरोजगार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष



**देवास ।** कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता हमेशा कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रहने वाले युवा नेता प्रतीक शर्मा को पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा की सहमति से एवं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी की अनुशंसा पर बेरोजगार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सु श्री नेहा पालीवाल ने प्रकोष्ठ का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया। प्रतीक शर्मा की नियुक्ति से कांग्रेस जनों में एवं युवाओं में हर्ष व्याप्त है ।सभी ने उन्हें बधाई दी।

## रिचार्ज सॉफ्ट संरचना के निर्माण हेतु दी पांच बिंदुओं को ले जानकारी

**सारंगपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 चल रहा है जिसके के अन्तर्गत जल स्तर से बंद एवं अनुपयोगी नलकूपों, हैंडपम्पो तथा अन्य पेयजल स्त्रोत को दीघार्यु बनाने के लिए रिचार्ज पिट एवं रिचार्ज सॉफ्ट संरचनाओ के निर्माण के लिए स्थल चयन, तकनीकी मार्गदर्शन एवं कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पीएचई के भू-जल विद डा. रामगोपाल नागर को नोडल अधिकारी जिला प्रशासन के द्वारा बनाया गया है। यह जिम्मेदारी मिलने के बाद श्रीनागर ने प्रशासन को पांच बिंदुओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई है जिससें जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भूजल आधारित एकल नलजल योजनाओं में भूजल संवर्धन कार्य के लिए रिचार्ज पित, रिचार्ज शाफ्ट, चेक डेम, स्टाप डेम निस्तारित तालाब आदि जल संरचनाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाया।

## मिस्त्री की मौत हत्या नहीं थी:पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, हादसे में गई थी जान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खातेगांव

अजनास निवासी 50 वर्षीय अनवर खान की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, यह हत्या नहीं बल्कि एक हादसा था। यह निष्कर्ष इंदौर में विशेषज्ञ पैनल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम के बाद सामने आया है।

पोस्टमार्टम करने वाले पैनल में शामिल फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत राजपूत ने बताया कि अनवर के शरीर पर किसी भी तरह की गहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, उनकी पसलियां टूटी हुई थीं और शरीर पर रगड़ के हल्के निशान पाए गए, जो गिरने के दौरान लगी चोटों की ओर इशारा करते हैं। एडिशनल एसपी सौम्या जैन और एसडीओपी आदित्य तिवारी ने जानकारी दी कि पुलिस शुरूआत से ही हत्या और हादसे दोनों पहलुओं पर जांच कर रही थी। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए ही विशेषज्ञ पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया था।

पुलिस जांच में सामने आया कि जिस कुएं में अनवर का शव मिला, उसके पास ही एक खेत में घटना की रात 5 से 7 लोग पत्ते खेल रहे थे। इसी दौरान एक वाहन आता देख उन्हें पुलिस के आने का शक हुआ।

घबराकर कुछ लोग नींबू के बगीचे में छिप गए, जबकि कुछ मौके से भाग निकले। अनवर भी उन लोगों में शामिल था जो डरकर वहां से भागे थे। अन्य लोगों को लगा कि वह पैदल ही घर चला गया होगा, क्योंकि उसकी बाइक वहीं खड़ी थी।

हालांकि, अगले दिन उसका शव कुएं में मिलने से मामला पूरी तरह बदल गया। पत्ते खेलने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सभी 5-6 लोगों से अलग-अलग पूछताछ की और घटनास्थल की पहचान करवाई। सभी के बयान एक जैसे पाए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विशेषज्ञों की राय के आधार पर पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह एक हादसा था, न कि हत्या। पुलिस ने बताया कि मामले के अन्य पहलुओं की जांच अभी भी जारी है।

### नवरात्र के दौरान गायत्री मंत्र जाप और नौ कुंडीय महायज्ञ का कन्या भोज के साथ समापन

**सारंगपुर।** गायत्री परिवार वर्तमान में संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के शताब्दी वर्ष (100 वर्ष) के उपलक्ष्य में देशभर में नशा मुक्ति, नारी सशक्ति करण और 'गर्भ संस्कार जैसे सामाजिक-आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। हरिद्वार (शांतिकुंज) में विशेष शताब्दी समारोहों के साथ ही, नवरात्रि रामनवमी के अवसर पर देशभर में हवन-पूजन और जागरूकता अभियान उत्सव के साथ नशा मुक्ति के लिए विशेष संदेश दे रहा हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार के साथ सभी 16 संस्कार का क्रम निरंतर जारी है। उक्त बात स्थानीय गायत्री परिवार के मुखिया डॉ केके मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार के संदेश भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पहुँच रहे हैं, जहाँ भारतीय संस्कृति और वसुधैव कुटुंबकम का प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में नवरात्र के दौरान गायत्री शक्ति पीठ गांधी चौक सारंगपुर में प्रतिदिन गायत्री मंत्र जाप और 9 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया।

### युवतियों ने की तलवार बाजी, रामनवमी पर करतब दिखाए

**देवास।** घंटे पहलेदेवास में रामनवमी के अवसर पर हिंदू जागरण मंच और विश्व हिंदू परिषद ने एक भगवा यात्रा और सभा का आयोजन किया। 'संस्था जागो हिंदू' मंच की प्रमुख भूमिका वाले इस आयोजन में शहर के मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यह कार्यक्रम बीती रात संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। इनमें युवतियों ने भी तलवारबाजी सहित कई अलग-अलग प्रदर्शन किए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा से पहले सिद्धिविनायक मंदिर प्रांगण में एक सभा आयोजित की गई। इसमें संत-महात्माओं और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए मनोज परमार ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव पूरे विश्व में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने सद्गुरु एवं आचार्य वेदांत जी के सानिध्य में हुए इस आयोजन को समाज को एकजुट करने वाला बताया।

---

कर्ज की अंतिम तिथि पर किसानों में गुस्सा

## सहकारिता विभाग द्वारा ऋण जमा करने की अंतिम तिथि को लेकर विरोध

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सारंगपुर

सहकारिता विभाग द्वारा ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च तय किए जाने के विरोध में किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है, क्योंकि निर्धारित तिथि समाप्त हो चुकी है और उपज किसानों के पास है और अभी तक सरकारी समर्थन पर खरीदी शुरू नहीं हो सकी है। भारतीय किसान संघ और अन्य किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि वह 30 मार्च को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सारंगपुर में सौंपेगे। यह तारीख 30 अप्रैल तक नहीं बढाई गई, तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**कर्ज की डेडलाइन को लेकर किसानों में नाराजगी**

किसानों का कहना है कि वर्तमान में वे फसल कटाई और उपज बिक्री के कार्यों में व्यस्त हैं। कई किसानों की फसल अभी खेतों में खडी है, जबकि कई बिक्री की प्रक्रिया में हैं। ऐसे में 28 मार्च तक कर्ज जमा करना संभव नहीं है। समय-सीमा के कारण किसान न तो फसल बेच पा रहे हैं और न ही कर्ज चुका पा रहे हैं, जिससे उन्हें डिफॉल्टर घोषित किए जाने का खतरा है।

भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर ने बताया कि इस मांग को लेकर पहले भी कई बार ज्ञापन सौंपे गए और आंदोलन किए गए, लेकिन शासन-प्रशासन ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष नागर ने कहा कि किसानों ने पहले ही 28 मार्च से 30 अप्रैल तक तारीख बढाने की मांग रखी थी, जिस पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब किसानों के पास सडकों पर उतरने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

### इनका कहना है

कई किसानों की फसल अभी खेतों में खडी है, जबकि कई बिक्री की प्रक्रिया में हैं। जबकि समर्थन मूल्य पर होने वाले सरकारी खरीदी भी 1 अप्रैल से शुरू हो रही है ऐसे में 28 मार्च तक कर्ज जमा करना संभव नहीं था। सरकार को किसानों की चिंता करना चाहिए और तिथि में बढोत्तरी करनी चाहिए, ताकि किसान आर्थिक संकट से बाहर निकले।

**अंतर सिंह चंदेल, वरिष्ठ किसान, सारंगपुर।**

हमारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी से अपील है कि वे ऋण माफी नहीं, बल्कि केवल तारीख बढाए। क्योंकि मांग के बावजूद सरकार एक महीने का समय भी नहीं बढा पा रही है। ३० मार्च को एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया जाएगा और फिर भी मांगे पुरी नहीं हुई तो धरना शुरू किया जाएगा। यदि 30 अप्रैल तक तारीख नहीं बढाई गई, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

**देवनारायण नागर, तहसील अध्यक्ष, भाकिसं, सारंगपुर।**

# लगातार दोहन से भूजल स्तर में आ रही गिरावट

## सारंगपुर क्षेत्र में ज्यादा हो या कम बारिश, गर्मियों की शुरूआत में कई जल स्त्रोतों का सिमट जाता है पानी, कुएं-बावड़ियों का पानी छूने लगता है पाताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर विकासखंड में ज्यादा हो या कम बारिश, गर्मियों की शुरूआत में कई जल स्त्रोतों का पानी सिमट जाता है। कुएं-बावड़ियों का पानी पाताल को छूने लगता है। इसका कारण भूजल का लगातार दोहन होना तथा जल संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है।

जानकारी के अनुसार गत 20-22 साल पहले तक जिले का औसत जल स्तर में 55 से 60 फीट के लगभग गिरावट आ गई है। पहले जहां 90 फीट पर आसानी से पानी उपलबध होता था वहां औसतमन 150 फीट पर पानी मिलना मुश्किल हो रहा है। घटिया, देवीपुरा, मऊ, पड़ाना सहित कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर पांच सौ छह सौ फीट तक भी कई बार पानी नहीं मिलता है।

ऐसा नहीं है कि क्षेत्र में जलस्त्रोतों की कमी है, सारंगपुर क्षेत्र से कालीसिंध, नेवज, उतावली, काई जैसी नदियां निकलती हैं। वषार्काल के दौरान ये नदियां उफान पर रहती हैं। जहां स्टापडैम हैं, वहां तो ठीक, लेकिन जहां ये काफी दूर तक नहीं हैं, वहां नदी मैदान के रूप में अब परिवर्तित होने लगी है।



### जलस्तर से 59 से हैंडपंप बंद

हर वर्ष जलसंकट की चपेट में रहने वाले कई ग्रामीण क्षेत्र में भूजल स्तर 50 से 70 मीटर नीचे चला गया है। घटिया, देवीपुरा जैसे अन्य ग्रामों में जलस्तर 70 मीटर नीचे चला गया है। जिसके कारण 59 से ज्यादा हैंडपंप बंद हो चुके है। क्षेत्र में कुल 54 नल-जल योजनाओं में से करीब कई बंद हुई है।

### इस बार ज्यादा हुई बारिश फिर भी गिरने लगा जलस्तर

गौरतलब है कि सारंगपुर तहसील में सामान्य औसत वर्षा 1040 मिमी है, जबकि पिछले वर्ष 1100 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। उसके बाद वर्ष 2026 में 21 जनवरी तक 1110 मिमी को बारिश रिकार्ड हुई है। लेकिन फिर भी जलस्तर अब तेजी से नीचे जा रहा है।

### यह होना चाहिए

विकासखंड में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए जो प्रयास होना चाहिए, वह नहीं हो रहे हैं। इसको लेकर भू-जल विज्ञानिक रामगोपाल नागर ने बताया कि लोगों में जल संरक्षण के लिए जागरूकता की कमी होना सबसे बड़ा कारण है, वहीं क्षेत्र में सबसे ज्यादा जल दोहन को रहा है। क्योंकि लोग कुएं-बावड़ी, टयूबवेल से पानी ले तो रहे हैं लेकिन रुफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने को लेकर रुझान न के बराबर है। हालत यह हो गई है कि क्षेत्र लगातार जल दोहन होने से जल स्तर की कमी वाले क्षेत्र में शामिल है। शासन-प्रशासन द्वारा जगह-जगह स्टापडैम बनवाकर नदी नालों पर बह जाने वाले पानी को व्यर्थ बहने से रोके जाने की कवायद की जाती है। ऐसे में लोगों का भी दायित्व है कि वह रुफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने को लेकर रुचि दिखाएं। क्योंकि इक्का-दुक्का घरों पर ही लोग इस सिस्टम को बनाते हैं। उल्लेखनीय है कि शहर के शासकीय भवनों पर यह सिस्टम नहीं बना हुआ है। पानी की बर्बादी ही वजह है कि लगातार क्षेत्र में जलस्तर नीचे पहुंचता जा रहा है।

### सुस्याहेड़ी में हालत खराब

सारंगपुर विकासखंड के ग्राम सुस्याहेड़ी में ग्रामीण हैंडपंप और निजी ट्यूबवेल के भरोसे है, यह पर ग्रामीणों ने कहा कि एक हैंडपंप सही करवाते है तो दूसरा बंद हो जाता है। हमें पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है। ग्रामीण सुनील वर्मा ने बताया कि कुंडालिया समूह सतह नल योजना के तहत केवल एक बड़ा पाइप गांव में जरुर लगाया गया है, अभी तक गांव में ठेकेदार के द्वारा नल कनेक्शन तक नहीं लगाए गए है। लोगों को योजना के तहत पानी अभी तक नसीब नहीं हुआ है।

### गांवो-कस्बो में छः दिन से नहीं आया पानी

कुंडालिया समूह नल योजना के तहत जीरापुर में लीकेज होने के कारण भैंसवामाता टंकी से सप्लाई होने वाले करीब दर्जनों गांवो में करीब छः दिनों से नल से जल सप्लाई नहीं हो रहा है। जिसके कारण गांवो एवं कस्बो में जल संकट की स्थिति बनी हुई है। लोगों को पीने के लिए भी पानी नहीं नसीब हो रहा है, लोगो ने सप्लाई को जल्द से जल्द शुरू करने की मांग की है। एलएनटी कंपनी के अनुसार शुक्रवार से सप्लाई पुनः शुरु हो जाएगी। उनके मुताबिक जीरापुर में कार्य के चलते पंप बंद किया गया था, जिससें दुरूस्त कर चालू किया जाएगा।

### बोले जिम्मेदार

पानी को व्यर्थ बहने से रोकने की कवायद की जाती है। लोगों का भी दायित्व है कि वह रुफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने को लेकर रुचि दिखाएं। लगातार क्षेत्र में जलस्तर नीचे पहुंचता जा रहा है। हमारी दो टीमें लगातार खराब हैंडपंपो को सुधारने का काम कर रही है और प्रतिदिन औसतन 8 हैंडपंपों को सुधारा जा रहा है।

**रामेश्वर शर्मा, टैक्नीशियन, पीएचई, सारंगपुर।**

कुंडालिया समूह नल योजना की लाइन में कुछ खराबी आई थी जिसें ठीक करवाया जा रहा है। एक दिन बाद नलो में पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी।

**युके चौधरी, उपप्रबंधक, जल निगम, राजगढ़।**



## सारंगपुर थाना को नवीन वाहन मिला, राज्यमंत्री ने पुलिस को सौपी चाबी

**सारंगपुर।** सारंगपुर थाना को शासन की और से नवीन वाहन मिला। जनपद पंचायत कार्यालय के बाहर राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, जिपं सीईओ इच्छित गढपाले, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, पचोर नपं अध्यक्ष विकास करोडिया, जपं अध्यक्ष देवनारायण नागर की उपस्थिति में एसआई अमित त्यागी को वाहन की चाबी सौंपी। इसके पूर्व उनके द्वारा विधिवत पूजन कर उसे जनसेवा हेतु समर्पित किया गया था। इस मौके पर राज्यमंत्री टेटवाल ने कहा कि यह वाहन पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता को और अधिक सशक्त बनाएगा तथा आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। नगरवासियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस नई सुविधा से कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह वाहन सदैव जनसेवा, सुरक्षा और न्याय के कार्यों में सहायक सिद्ध हो। जनसेवा और सुरक्षा के लिए नई सौगात जनता को समर्पित है। उल्लेखनीय है कि नया वाहन मिलने के बाद सारंगपुर पुलिस को घटना स्थल पर पहुंचने में आसानी होगी। पुलिस के पुराने वाहन को पड़ाना चौकी को दे दिया गया है जिससें पुलिस को ग्रामीण क्षेत्र में अपराधो को रोकने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर एसडीएम रोहित बम्हौरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, एसआई बीएस भूरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## फरक्या परिवार ने स्व. परिजन की स्मृति में आदि कुंड निर्माण के कार्य का किया भूमि पूजन



**महिदपुर रोड।** नगर पोरवाल समाज तथा भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष स्व.अनोखीलाल फरक्या की धर्मपत्नी शांतिदेवी फरक्या तथा परिजनों की प्रेरणा से उनके पुत्र संदीप फरक्या ने शुक्रवार को राम नवमी के पावन पर्व पर गोगापुर तालाब किनारे स्थित दास हनुमान मंदिर परिस र,में आदियोगी कुंड के निर्माण कार्य का परिजनों की उप स्थिति में भूमि पूजन किया गया इस दौरान मंदिर समिति द्वारा मंदिर के पुजारी लखन बैरागी की उपस्थिति में संदीप फरक्या का साफा व भगवा पटका पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संदीप फरक्या धर्मपत्नी बुलबुल फरक्या मधुसूदन फरक्या पूरा लाल फरक्या ओम प्र काश मांदलिया आशीष फरक्या आनंद फरक्या पुष्पा मांदलिया अनुष्का फरक्या, रीना फरक्या सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे भूमि पूजन कार्य पंडित सोमेश्वर उपाध्याय ने संपन्न कराया।

## यजमानों ने इक्कीस कन्याओं को हलवा पूरी का भोजन करा किया कन्या पूजन

**महिदपुर रोड।** शुक्रवार को राम नवमी के दिन दास हनुमान मंदिर, गोगापुर में श्रद्धा के कन्या भोज (कन्या पूजन) का आयोजन किया गया। इस दौरान इक्कीस नन्ही कन्याओं को माता स्वरूप मानकर उनका पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। यजमानों ने कन्या भोज के उपरांत उनको दक्षिणा प्रदान कर उनका सम्मान किया संपूर्ण आयोजन यजमानों के सहयोग से आयोजित किया गया।



## व्याख्यान एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन



**सारंगपुर।** नव संवत्सर व चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद तहसील इकाई द्वारा व्याख्यान एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड संघ चालक राधे श्याम शर्मा, मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रमाशंकर कपूर विशेष तथा अतिथि सेवा निवृत सैनिक बनेसिंह चौहान द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मां सरस्वती की शाब्दिक वंदना राग यमन में सुशील व्यास सारंग द्वारा प्रस्तुत की गई। मंच पर विराजमान अतिथियों का स्वागत साहित्य परिषद के नगर उपाध्यक्ष स्वदीप सोलंकी द्वारा मंगल तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम शंकर पांडे ने अपने व्याख्यान में वर्ष प्रतिपदा और नवरात्रि का पौराणिक महत्व के साथ-साथ वैज्ञानिक के पक्ष को भी हम सबके मध्य रखा। इसी क्रम में श्री लक्ष्मी नारायण त्रिकार द्वारा अपना आलेख नव संवत्सर का प्रस्तुतीकरण बहुत सुंदर ढंग से किया गया।

## स्वच्छ शहर के लिए सख्त अध्यक्ष प्रदीप सोनी, गंदगी न फैलाने की अपील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी स्वयं मैदान में उतरे और सीएमओ ओपी नागर के साथ शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार क्षेत्र, होटल-रेस्टोरेंट, कैफे तथा सब्जी मंडी का दौरा कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित व्यापारियों व दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष सोनी ने होटल एवं कैफे संचालकों, ठेला-गाड़ी संचालकों और सब्जी विक्रेताओं से सीधे संवाद करते हुए स्पष्ट कहा कि कचरा इधर-उधर फैलाने की प्रवृत्ति से शहर की छवि खराब होती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आसपास साफ-सफाई रखें और कचरा केवल निर्धारित स्थान या डस्टबिन में ही डालें। साथ ही उन्होंने नगर परिषद द्वारा तय नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए कहा कि बार-बार समझाने के बाद भी लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष सोनी ने कहा कि स्वच्छ सुसनेर का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब नगर परिषद के साथ-साथ आमजन भी अपनी जिम्मेदारी समझें। उन्होंने नागरिकों से आान किया कि वे स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप दें और अपने घर, दुकान एवं आसपास के क्षेत्र को साफ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद द्वारा नियमित रूप से सफाई कार्य किया जा रहा है, लेकिन जनसहयोग के बिना यह प्रयास अधूरा है।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश भी दिए गए। साथ ही कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने एवं कचरा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि शहर में कहीं भी गंदगी न फैले। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री पवन शर्मा, भाजपा पार्षद प्रतिनिधि युगल परमार, भाजपा नेता कालुसिंह नाहरखेड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने अभियान में सक्रिय सहयोग दिया।

## मलावर पुलिस ने नातरा-झगड़ा प्रथा मामले में आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

जिला राजगढ़ में नातरा झगड़ा प्रथा से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उक्त निदेशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ श्रीमती मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक रजनेश सिरोठिया के नेतृत्व में टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

फरियादी पर्वत सिंह पिता मांगीलाल धाकड़ 35 वर्ष, निवासी ग्राम जामोनिया थाना मलावर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खेत में रखे भूसे में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गई, जिससे लगभग 5 हजार रु. का नुकसान हुआ। साथ ही मौके पर एक पर्ची मिली, जिसमें ग्राम खेजड़खो के झगड़े की बात लिखी थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मलावर में अपराध क्रमांक 78/26, धारा 308(5), 326(एफ) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राधेश्याम पिता रामचरण 27 वर्ष निवासी ग्राम खेजड़खो थाना मलावर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## 25 हजार रुपए का इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में फरार आरोपी, स्थाई वारंटी एवं वसूली वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसीक्रम में नरसिंहगढ़ एसडीओपी के मार्गदर्शन एवं थाना बोडा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शातिर वारंटी को गिरफ्तार किया थाना सिविल लाइन जिला इलाहाबाद उत्तर प्रदेश के अपराध क्रमांक 241/2022 धारा 380, 411, 413, 414, 149, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि का आरोपी राजेंद्र पिता भगवानसिंह सांसी निवासी ग्राम कड़िया सासी का घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा 25 हजार रु के इनाम की घोषणा की थी उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना बोडा एवं अन्य जिलों में 12 से अधिक अपराध दर्ज हैं, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी बोडा द्वारा विशेष टीम गठित की एवं टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए ग्राम कड़िया सासी में मुखबिर द्वारा बताएं स्थान पर दविश देकर वारंटी राजेंद्र पिता भगवान सिंह सांसी को अभिरक्षा में लेकर पुलिस टीम प्रयागराज के सुपुर्द किया।

## किसानों को पारदर्शिता, सुगमता एवं समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना उद्देश्य:राजपूत

### सारंगपुर विकासखंड में ई-विकास प्रणाली के तहत प्रशिक्षण आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

किसानों को पारदशीर्ता, सुगमता एवं समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ई-विकास प्रणाली द्वारा उर्वरक बुकिंग के प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। 1 अप्रैल तक सभी किसान का फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवा लें, जिससे उन्हें ई-टोकन से उर्वरक की बुकिंग में समस्या न हो।

किसानों को अपने आधार नंबर से मोबाइल नंबर लिंक करवाया जाना भी अनिवार्य है। यह समझाइश सारंगपुर विकासखंड-स्तर पर ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सारंगपुर एसएडीओ राजेश राजपूत ने दी। उन्होंने कहा कि उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण में किसानों को सरल एवं सुगम तरीके से उर्वरक उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स वसीम खान ने निजी उर्वरक विक्रेताओ को ई-विकास प्रणाली के प्रभावी संचालन तथा टोकन जनरेशन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया, सिकमी-बटाई, ट्रस्ट पट्टाधारी कृषक, अधिकृत-नॉमिनी कृषक, मृत अथवा नामांतरण प्रक्रियाधीन कृषक, वृद्ध एवं शारीरिक रूप से असक्षम कृषकों के टोकन जारी करने एवं किसानों को सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के तरीकों की जानकारी दी गई। एसएडीओ राजपूत ने ई-विकास पोर्टल की कार्यप्रणाली, किसानों के ऑनलाइन पंजीयन, ई-टोकन प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नई ई-विकास प्रणाली लागू होने से उर्वरक वितरण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी होगी। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के तहत किसान अब घर बैठे ई-टोकन बुक कर सकेंगे, जिससे उन्हें खाद प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में खडे होने या बार-बार समिति के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पडेगी।

इससे किसानों का समय बचेगा और उन्हें समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। लाइव डेमो के माध्यम से ई टोकन बुक करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।



## वराहमिहिर का ज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में आज भी प्रासंगिक- मिश्र

**कायथा।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन के ज्योतिर्विज्ञान विभाग द्वारा आचार्य वराहमिहिर की जन्म जयन्ती (चैत्र शुक्ल अष्टमी) के उपलक्ष्य में वराहमिहिर जन्मस्थली कायथा का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो.शिवशंकर मिश्र द्वारा कायथा में स्थित आचार्य वराहमिहिर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पण कर उनका पूजन किया ग्रामवासियों के सहयोग से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आचार्य वराहमिहिर जयन्ती समारोह में अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु ने कहा कि आचार्य वराहमिहिर की जन्मस्थली में गाँव वासियों के साथ उपस्थित होकर उन्हें याद करना सौभाग्य का विषय है आचार्य वराहमिहिर सम्राट् विक्रमादित्य के नवरत्नों में अग्रणी विद्वान रहे हैं जिन्होंने ज्योतिष के तीनों स्कन्धों के विषय मे विशद् साहित्य रचा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कायथा गाँव इस परम्परा का संवाहक है जिसे विश्वविद्यालय समय समय पर उनकी परम्परा को आगे ले जाने में सदैव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध रहेगा विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के साथ साथ शिक्षा के उन क्षेत्रों जो आज भी इस तरह के ग्रामीण परिवेशों में व्याप्त है उसको समाज तक एक बड़े स्तर पर ले जाना हमारा दायित्व है जिसके लिए भविष्य में और भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इन स्थलों पर आज भी कई अनुसन्धान अपेक्षित हैं जिनको स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

## राधा कृष्ण मुंगड़ मंदिर में रामनवमी पर अभिषेक किया



**तराना।** राधा कृष्ण मुंगड़ मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य में भगवान का अभिषेक किया गया। दोपहर 12 बजे आरती की गई। बड़ी संख्या में भक्त लोगों ने दर्शन लाभ प्राप्त किए।भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया।मंदिर पुजारी द्वारा पूजन किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया।मंदिर पुजारी देवनारायण शर्मा द्वारा जानकारी दी गई।

## राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ का वार्षिक परिणाम घोषित

**खाचरोद।** श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में अकादमिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया।नर्सरी से यूकेजी तक के प्रत्येक विद्यार्थियों को आकर्षक उपहार वितरित किए गए।इस अवसर पर श्री राज राजेंद्र शिक्षण समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वीना कुंदी ने छात्रों की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।विद्यालय प्रबंधन की ओर से सुधीर मेहता ने विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते रहने का संकल्प लिया।

## 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने हेतु बनी रूपरेखा

**ब्यावरा।** आगामी 19 अप्रैल को ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य और गरिमामय रूप से मनाने के लिए स्थानीय परशुराम मंदिर पर ब्राह्मण समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भगवान परशुराम जन्मोत्सव को विशेष उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न स्थानों पर स्वागत के साथ सम्पन्न होगी। ब्राह्मण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष गिरिराज शर्मा बालाजी ने बताया कि भगवान परशुराम जन्म उत्सव को लेकर समाज द्वारा तैयारियां की जा रही। उत्सव मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी, जिसमें हवन-पूजन, आरती, भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण शामिल रहेगा। समाज के वक्ताओं द्वारा भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा, ताकि नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम के जन्म उत्सव को लेकर बैठक में आयोजन की जिम्मेदारियों का भी विभाजन किया गया। अलग-अलग टीमें गठित कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गईं।







# "दोगुना जल - मजबूत कल"

अमृत 2.0 योजना अंतर्गत राशि रुपये 1356 करोड़ के

# माँ नर्मदा जल के चतुर्थ चरण का

अमृत 2.0 Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation

# भूमिपूजन

मान. मुख्यमंत्री **डॉ. मोहन यादव** द्वारा

दिनांक : 29 मार्च 2026, रविवार

समय : 11 बजे | दशहरा मैदान, इंदौर

**पैकेज : 1**
1650 एम.एल.डी. इंटेक 400 एम.एल.डी. ट्रीटमेंट प्लांट, पंपिंग स्टेशन, आधुनिक जल इंफ्रास्ट्रक्चर

**पैकेज : 2**
39 किमी ग्रेविटी पाइपलाइन, 2870 मीटर लंबी टनल एवं क्लोरीनेशन प्लांट

**पैकेज : 3**
20 नए ओवरहेड टैंक, 29 पुराने टैंकों का उन्नयन 685 किमी पाइपलाइन और 1.26 लाख नवीन कनेक्शन

**पैकेज : 4**
20 नए ओवरहेड टैंक, 46 पुराने टैंकों का उन्नयन 892 किमी पाइपलाइन और 1.21 लाख नवीन कनेक्शन





**पुष्यमित्र भार्गव, महापौर, इंदौर**

## न्यूज कॉलम

### बीमारी से तंग आकर बुजुर्ग ने किया सुसाइड, सिरपुर तालाब में मिली लाश

**इंदौर।** हार्ट की बीमारी से तंग आकर एक बुजुर्ग ने सिरपुर तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को बुजुर्ग के पास से सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें बीमारी के कारण परेशान होने की बात लिखी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शनिवार को जिला अस्पताल में पीएम करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चंदन नगर टीआई तिलक करोले ने बताया कि मृतक का नाम मनोज (62) पिता राजाराम जायसवाल निवासी छोटा बांगड़दा है। शुक्रवार देर रात सूचना मिली थी कि सिरपुर तालाब के पास किसी व्यक्ति के कपड़े और अन्य सामान पड़ा है। इस पर टीम मौके पर पहुंची और जांच की तो सिरपुर तालाब में मनोज का शव मिला, जिसके बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। शनिवार को उनका पीएम करवाया गया है।

**परिवार ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी, सुसाइड नोट मिला:** टीआई ने बताया कि बुजुर्ग लापता हो गए थे, जिसके चलते परिवार के लोगों ने एरोड्रम थाने में शुक्रवार को उनकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। पुलिस को मृतक का लिखा एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने लिखा था कि मैं बीमारी से परेशान हो चुका हूं। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### रेडियोलॉजी कर्मियों ने सुरक्षा पर उठाए सवाल, मप्र में 50 रुपए रेडिएशन अलाउंस पर काम कर रहे कर्मचारी

**इंदौर।** इंदौर में चिकित्सा विज्ञान की महत्वपूर्ण विधा रेडियोलॉजी के जनक विल्हेम कॉनराड रोंजन की जयंती (27 मार्च) पर 'विकिरण सुरक्षा दिवस' मनाया गया। इस मौके पर रेडियोलॉजी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने एक्स-रे की उपयोगिता के साथ-साथ उससे जुड़े खतरों और सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी ऑफ इंडियन रेडियोग्राफर और मध्यप्रदेश रेडियोग्राफर संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रोंजन ने एक्स-रे जैसी क्रांतिकारी खोज को मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने न तो इसका पेटेंट कराया और न ही इससे आर्थिक लाभ लिया, बल्कि नोबेल पुरस्कार की राशि भी दान कर दी।

**'लाखों जिंदगियां बचीं, लेकिन जोखिम भी बड़ा':** भारतीय विकिरण संरक्षण परिषद एवं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई के सदस्य शिवाकांत वाजपेयी ने कहा कि एक्स-रे जहां जीवनदायी है, वहीं जरा सी लापरवाही गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने बताया कि रेडिएशन का प्रभाव न सिर्फ व्यक्ति बल्कि आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ सकता है।

### नाबालिग लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र अंतर्गत अकोलिया में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किशोरी ने बीती रात एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिग अकोलिया क्षेत्र में किराए के मकान में रहती थी। बीती शाम जब परिजन काम से घर लौटे, तो उन्होंने किशोरी को कमरे में अचेत (बेहोश) अवस्था में पाया। पड़ोसियों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉ. आमिल अंसारी ने मीडिया को बताया कि प्राथमिक जांच में मृत्यु का कारण किसी जहरीले पदार्थ का सेवन पाया गया है। स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट करने के लिए विसरा जांच हेतु लैब भेजा गया है। विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का खुलासा हो सकेगा। सेक्टर-1 थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस हर पहलू से मामले की तफ्तीश कर रही है कि यह आत्महत्या है या कोई अन्य साजिश। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर अपने पैतृक गांव मनावर के लिए रवाना हो गए।

### निगम की चालानी कार्रवाई पर भड़के व्यापारी

**इंदौर।** इंदौर में नगर निगम की चालानी कार्रवाई को लेकर शनिवार पाटनीपुरा-परदेशीपुरा क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। इंदौर नगर निगम की टीम के खिलाफ नाराज व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर रास्ता जाम कर दिया और विरोध स्वरूप दुकानें बंद कर दीं। घटना शाम करीब 4 बजे की है।

व्यापारियों का आरोप है कि निगम कर्मचारी चालानी कार्रवाई के नाम पर आए दिन क्षेत्र में पहुंचते हैं और दुकानों में घुसकर जबरन वसूली करते हैं। उनका कहना है कि बिना ठोस कारण के चालान काटे जाते हैं तथा अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। इस कथित मनमानी के विरोध में शनिवार को सभी व्यापारी एकजुट हो गए।

# पहले भी पकड़ा जा चुका है महिला पर कार चढ़ाने वाला

## कार में लाल बत्ती लगाकर घूमते हुए पकड़ाया था; मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में कार्रवाई हुई थी






दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के शिव वाटिका टाउनशिप में इंजीनियर महिला पर कार चढ़ाकर मौत के घाट उतारने वाले पिता-पुत्र से पुलिस की पूछताछ जारी है। इस मामले में एक और बात निकलकर सामने आई है कि आरोपी बेटा तीन महीने पहले भी पुलिस के हत्थे चढ़ा था। दिसंबर माह में ही पुलिस ने उसे पकड़ा था और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की थी।

दरअसल, पुलिस ने उसे कार पर लाल बत्ती लगाकर घूमते हुए पकड़ा था। तब पुलिस ने उसके पिता को भी थाने बुलाया था और दोनों को समझाइश देते हुए कार्रवाई भी की थी। लसूडिया टीआई तारेश सोनी ने बताया कि आरोपी कुलदीप और मोहनीश दो दिन की पुलिस रिमांड पर हैं।

दिसंबर महीने में एंडेवर कार में लाल बत्ती लगाकर वह घूम रहा था। तभी मोहनीश को बीट 78 ने रोका था और उसे पकड़कर थाने लेकर आए थे। उस वक्त वह नाबालिग था, इस वजह से उसके पिता को भी थाने बुलवाया गया था। दोनों को मामले में समझाइश दी गई थी और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई थी।

### बेटे ने कार से महिला कर्मचारी और शंपा पांडे को रौंदा था

शिव वाटिका टाउनशिप की सागर श्री एन्क्लेव में कुलदीप चौधरी ने अपना पेंटहाउस Airbnb को किराए पर दे रखा है। यहां रोज नए लोग आते थे। इस बात को लेकर रहवासियों को आपत्ति थी, जिसे लेकर विवाद हो गया था।

बुधवार को रहवासियों ने उनके फ्लैट की लाइट बंद कर दी थी। यह देखकर कुलदीप चौधरी नीचे आया और उसने रहवासियों के फ्लैट की लाइट बंद कर दी। इस बात को लेकर मारपीट हुई।

इसके बाद बेटा मोहित उर्फ मोहनीश चौधरी कार लेकर आया। पहले वहां रहने वाली महिला कर्मचारी और फिर शंपा पांडे को टक्कर मार दी। शंपा को बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती किया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पूरी वारदात बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है, जो दो दिन की पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस पेंटहाउस की वैधता के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

# टारगेट पूरा करने के लिए बन गया आरोपी

## सिम बेचने में मिलता था बोनस, अपने ही फोटो पर एक्टिवेट कर दिए 84 सिम कार्ड, बैतूल से गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बोनस के लालच में एक युवक को आरोपी बना दिया। उसने टारगेट पूरा करने के लिए अपने ही फोटो पर 84 फर्जी सिम कार्ड एक्टिवेट कर दिए। क्राइम ब्रांच ने उसे बैतूल से दबोच लिया। उसने बोनस की लालच में वारदात करना कबूल किया। आरोपी ने अपनी बहन और दोस्त के नाम का भी इस्तेमाल उनकी बिना जानकारी के किया।

दरअसल, राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में ऑपरेशन FACE के तहत एक ही व्यक्ति के चेहरे का इस्तेमाल कर फर्जी सिम एक्टिवेट करने वाले युवक व POS एजेंट के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने एक टीम बनाई, जिसमें कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन के तहत 3 FACE आइडेंटिफाई किए जो इंदौर शहर से संबंधित थे।

कार्रवाई में क्राइम ब्रांच इंदौर ने FACE 1 के आरोपी को शुक्रवार को बैतूल से गिरफ्तार किया, जिसने लगभग 84 फर्जी सिम कार्ड एक्टिवेट किए।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि कार्रवाई करते हुए टेलीकॉम कंपनियों से CAF और संबंधित जानकारी निकालने पर पता चला कि लगभग सभी सिम कार्ड एक्टिवेशन में एक ही व्यक्ति के फोटो का इस्तेमाल किया गया। टीम बैतूल पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ाए युवक का नाम विपिन मगरदे है।

### कार्ड टारगेट पूरा करने के लिए दिया वारदात को अंजाम

आरोपी से जब टीम ने पूछताछ की तो उसने वारदात को अंजाम देना कबूल किया। उसने ज्यादा बोनस कमाने की लालच में ये सिम एक्टिवेट की। आरोपी विपिन ने पूछताछ में बताया कि उसने विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों के सिम कार्ड टारगेट पूरा करने के लिए फर्जी तरीके से एक्टिवेट किए, जिसमें उसने अज्ञात व्यक्तियों के आधार कार्ड एक्टिवेशन के लिए इस्तेमाल किए और POS एजेंटों के लिए उसने अपनी बहन और दोस्त के नाम का इस्तेमाल भी बिना उनकी जानकारी के किया। आरोपी ने यह भी कबूला कि उसके द्वारा टारगेट पूरा होने पर सिम कार्ड डिएक्टिवेट कर दिए जाते थे।

# पटेल मार्केट की दुकान में लगी भीषण आग

## रेस्टोरेंट, मेडिकल स्टोर और क्लिनिक जले, 30 हजार लीटर पानी से पाया आग पर काबू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



तेजाजी नगर मेन रोड पर बने पटेल मार्केट में शनिवार को एक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग बढ़ती चली गई और पास में बने मेडिकल स्टोर और क्लिनिक को भी चपेट में ले लिया। धुएं का गुबार दूर से ही नजर आ रहा था। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गए। सूचना पर तेजाजी नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। करीब 30 हजार लीटर पानी डालकर आग को बुझाया जा सका। हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन बताया जा रहा है शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी।

फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार की है। पटेल मार्केट में आग लगने की सूचना 11.21 पर कंट्रोल रूम से मिली और सूचना मिलने के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके लिए रवाना हो गई थी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझाने में करीब 30 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल किया गया।

मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां और चार टैंकर मौजूद थे। तेजाजी नगर टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया कि आग लगने की घटना पटेल मार्केट में हुई। तीन दुकानें जली है। आग लगने की घटना में कोई जनहानी नहीं हुई। हालांकि आग किस वजह से लगी, ये स्पष्ट नहीं हो सका मगर शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की संभावना है। इसकी जांच की जा रही है।

# जनप्रतिनिधि सीएम से अधिकारियों की शिकायत करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सीएम डॉ मोहन यादव रविवार को इंदौर में रहेंगे। सीएम दशहरा मैदान पर आयोजित नर्मदा के चौथे चरण के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर देर शाम बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों के साथ ही अधिकारियों के रवैए को लेकर चर्चा हुई।

बीजेपी सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में यह तय हुआ है कि जो अधिकारी जनप्रतिनिधियों को गंभीरता से नहीं लेते हैं, उनके बारे में रविवार को कार्यक्रम में सीएम से शिकायत की जाएगी।

इंदौर में बीजेपी कार्यालय पर गुरुवार को भी बैठक हुई थी, इस बैठक में भी यह मुद्दा उठा था। वहीं बीजेपी नेता इससे पहले भी अधिकारियों के रवैये को लेकर नाराजगी जता चुके हैं। गुरुवार को हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की थी कि अधिकारी उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

बैठक में यह बात भी सामने आई थी कि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय करने से पहले जनप्रतिनिधियों से चर्चा करना तक जरूरी नहीं समझा। ऐसा ही रवैया जनप्रतिनिधियों के सुझाव को लेकर भी रहता है। उनके सुझाव को गंभीरता से लेने के बजाय हवा में उड़ा दिया जाता है।

सभी जनप्रतिनिधि बोले कि यह रवैया रहा तो शहर का विकास और काम प्रभावित होगा। इससे बीजेपी सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती है। इसलिए जरुरी है कि इन बातों को सीएम के सामने रखा जाए और उन्हें बताया जाए कि अधिकारियों के रवैए से किस तरह से शहर का विकास प्रभावित हो रहा है।

**विधायकों को ज्यादा शिकायत:** बीजेपी सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में इंदौर-5 के विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा कि अधिकारी बिल्कुल नहीं सुन रहे हैं। विधायक निधि से स्वीकृत काम भी नहीं हो रहे हैं। राऊ विधायक मधु वर्मा ने कहा कि विकास के काम प्रभावित हो रहे हैं। यदि हम इंदौर नगर निगम में किसी अधिकारी को चालानी कार्रवाई से रोकते हैं तो भी वे सुनते नहीं हैं। इंदौर 3 के विधायक गोलू शुक्ला भी बोले कि कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# ब्राउन शुगर और एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

## पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर निकाल रही जानकारी, 1 लाख 80 हजार का माल जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक के पास से 12.82 ग्राम ब्राउन शुगर तो दूसरे के पास से 6.55 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। पुलिस दोनों ही आरोपियों से पूछताछ कर जानकारी निकाल रही है।

क्राइम ब्रांच और एरोड्रम पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर केदार नगर इलाके में एक संदिग्ध को पकड़ा। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 12.82 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। पूछताछ में उसने अपना नाम दिलीप सिंह बघेल (42) निवासी शुभम नगर इंदौर का होना बताया। आरोपी के पास मिली ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए ही। जिसे पुलिस ने जब्त किया और आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर और भी जानकारी निकाल रही है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि वहीं क्राइम ब्रांच और एमजी रोड पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर इलाके से एक युवक को पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 6.55 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद इकबाल (21) निवासी दौलतगंज इंदौर का होना बताया। जब्त की गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 60 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी पर भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों से 1 लाख 80 हजार रुपए का माल बरामद किया है। पुलिस इनके सोर्स और नेटवर्क का पता लगा रही है।

इधर, राऊ पुलिस ने भी शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए अंकित पंचोली (30) निवासी राज नगर और महिपाल उर्फ मोहित जसपाल (30) को गिरफ्तार किया है। अंकित के पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर और मोहित से 12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए है। पुलिस इसने भी जानकारी निकाल रही है। वहीं राजेंद्र नगर पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए बुद्ध नगर खाली मैदान के पास बनी झोपड़ी से सपना नामक महिला को पकड़ा। उसके पास से 37 हजार 100 रुपए कीमत की देशी शराब जब्त की है।

### डीएवीवी में तैयार हो रहा फॉरेन स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टल

**इंदौर।** इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉस्टल बनाया जा रहा है। इस हॉस्टल का निर्माण खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर में ऑडिटोरियम के पास किया जा रहा है। हॉस्टल को बनाने में लगभग 2 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। हालांकि यह हॉस्टल 13 साल पहले ही तैयार हो जाना था।

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com